RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-243 | जयपुर, रविवार, 01 मार्च 2026 | मूल्य-4 रूपये

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ**

## आईएनसी अब मुस्लिम लीगी माओवादी कांग्रेस बन चुकी है: मोदी

### कांग्रेस के कुकर्मों को माफ नहीं करेगा देश

अजमेर

शनिवार को राजस्थान दौरे पर आए पीएम मोदी ने अजमेर को सौगात दी. पीएम मोदी ने अजमेर में शहरी विकास, राष्ट्रीय राजमार्ग, पेयजल परियोजनाएं, ऊर्जा ग्रिड, औद्योगिक क्षेत्र, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी 16,680 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ, उद्घाटन और शिलान्यास किया. इसके साथ ही 14 वर्ष की आयु की लड़कियों के लिए ह्यूमन पेपीलोमा वायरस टीकाकरण के लिए राष्ट्रीयव्यापी अभियान का आगाज किया. पीएम ने कहा कि अजमेर से एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत हुई है. ये देश की नारी शक्ति को सशक्त करने की दिशा में अहम कदम है. इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा।



जनसभा में मोदी ने कहा- कांग्रेस को कुकर्मों के लिए देश कभी माफ नहीं करेगा। पूरे देश में कांग्रेस लगातार हार रही है और गुस्से में इसका बदला भारत को बदनाम करके ले रही है। कभी कांग्रेस INC यानी इंडियन नेशनल कांग्रेस थी। अब INC नहीं बची है। आज वो MMC बन गई है। MMC यानी मुस्लिम लीगी माओवादी कांग्रेस।

शनिवार को पीएम मोदी अजमेर के कायड़ विश्रामस्थली में सभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले अभियान की शुरुआत में मनीषा रावत, भूमिका, पूर्वी अग्रवाल, चंचल, चिड़िया मेघवंशी को वैक्सीनेशन लगाई गई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी लड़कियों से वैक्सीनेशन के बारे में जानकारी ली। साथ ही यह भी पूछा कि टीका क्यों लगाया जाता है?

प्रधानमंत्री ने छात्राओं से एग्जाम के बारे में बात की। पूर्वी अग्रवाल और चंचल ने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री से बात करके बहुत अच्छा लगा। प्रधानमंत्री ने युवाओं को सरकारी नौकरी के जॉइनिंग लेटर भी दिए।

### दुनिया के सामने कांग्रेस ने देश को बेइज्जत किया

हाल ही में दिल्ली में दुनिया का सबसे बड़ा एआई सम्मेलन हुआ। इसमें कई देशों के पीएम-राष्ट्राध्यक्ष, मंत्री आए। दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियों के लीडर एक छत के नीचे इकट्ठे हुए। भारत की खुले मन से प्रशंसा की। हताशा, निराशा में डूबी कांग्रेस ने दुनिया भर के मेहमानों के सामने देश को बदनाम करने की कोशिश की। इन्होंने विदेशी मेहमानों के सामने देश को बेइज्जत किया।

पीएम मोदी ने कहा- नदियों को जोड़ने का अभियान शुरू किया है। इसका अधिक फायदा राजस्थान को मिलना तय है। संशोधित पार्वती-काली सिंध-चंबल लिंक परियोजना हो, यमुना राजस्थान लिंक प्रोजेक्ट हो, डबल इंजन सरकार ऐसी अनेक सिंचाई परियोजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। आज भी झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी के लिए पानी की अनेक परियोजनाओं के लिए काम शुरू हुआ है। हमारा प्रयास है राजस्थान में भूजल का स्तर में सुधार हो।

इतिहास गवाह है, मुस्लिम लीग भारत से नफरत करती थी। इसीलिए मुस्लिम लीग ने देश को बांट दिया। आज कांग्रेस भी वही कर रही है। माओवादी भी भारत की समृद्धि, हमारे संविधान और हमारे सफल लोकतंत्र से नफरत करते हैं। ये घात लगाकर हमले करते हैं।

### सेना ने देश का मान बढ़ाया

बीते 11 वर्षों में भारत की सेना ने हर मोर्चे पर, आतंकियों पर, देश के दुश्मनों पर करारा प्रहार किया। हमारी सेना हर मिशन, हर मोर्चे में विजय रही। सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक वीरता का लोहा मनवाया। लेकिन कांग्रेस के नेताओं ने इसमें भी दुश्मनों के झूठ को आगे बढ़ाया। देश के लिए जो भी शुभ है, जो भी अच्छा है, जो भी देशवासियों का भला करने वाला है कांग्रेस उसका विरोध करती है। देश आज कांग्रेस को सबक सिखा रहा है।

राजस्थान के सपूत मेजर दलपत सिंह के शौर्य को इजरायल के लोग आज भी याद करते हैं। मुझे (पीएम मोदी) भी इजराइल की संसद में मेजर दलपत सिंह के शौर्य को नमन करने का मौका सौभाग्य मिला। राजस्थान के वीर बांकुरों की इजराइल के हाइफा शहर को आजाद कराने में जो भूमिका थी, उसका गौरव गान करने का अवसर मिला।

## डबल इंजन सरकार प्रदेश के प्रत्येक वर्ग को दे रही राहत: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों की तरफ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का राजस्थान की धरा पर अभिनंदन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने दुनिया में अब तक 29 से अधिक अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से अलंकृत होकर विश्व मंच पर 140 करोड़ देशवासियों का मान बढ़ाया है। हाल ही में सम्पन्न हुई एआई समिट में पूरे विश्व ने देखा कि भारत भविष्य के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व और दूरदर्शी सोच से भारत अब वैश्विक ताकत बनकर उभर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का राजस्थान के प्रति विशेष लगाव रहा है। वे जब भी राजस्थान आए हैं हमेशा प्रदेश को विकास की अनेक सौगातें देते हैं। उनके मार्गदर्शन में हमारी डबल इंजन की सरकार प्रदेश के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री के 'राजस्थान राइजिंग, रिलाएबल, रिसेप्टिव और रिफाइन'



की अवधारणा को अपना ध्येय मान कर आगे बढ़ रहे हैं।

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। गत सरकार के समय हुए पेपरलीक के माफिया अब गिरफ्त में हैं। राज्य सरकार ने युवाओं को 4 लाख भर्तियों के संकल्प की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। अब तक सवा लाख से अधिक नौकरियां दी गई हैं। 1 लाख 33 हजार से अधिक नियुक्तियां प्रक्रियाधीन हैं। वर्ष 2026 में 1 लाख से अधिक नए पदों पर भर्ती कैलेंडर जारी किया गया है।

## बंगाल एसआईआर- फाइनल लिस्ट में 7.04 करोड़ से ज्यादा वोटर

### 63 लाख लोगों के नाम हटे; अब तक 11 राज्यों-UT की अंतिम मतदाता सूची जारी

कोलकाता

पश्चिम बंगाल में जारी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (स्ढ्ढक्र) के बाद फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश हो गई। इसमें वोटर 7.66 करोड़ से घटकर 7,04,59,284 रह गए हैं। यानी स्ढ्ढक्र से अब तक 63.66 लाख नाम हटे हैं, जो कुल मतदाताओं का 8.3% है। दिसंबर में जारी मसौदा सूची में 58 लाख से अधिक नाम हटे थे।

ष्टश्वह्र ने कहा- 60 लाख से ज्यादा वोटरों के नाम की जांच अभी भी जारी है। हालांकि उन्हें नई वोटर लिस्ट में जोड़ा गया है। बाद में इन नामों पर फैसले के बाद लिस्ट में बदलाव हो सकता है।

2021 चुनाव में 294 में 166 सीटों पर जीत का अंतर 25 हजार से कम था। इनमें टीएमसी ने 102, भाजपा ने 64 सीटें जीती थीं। 5,000 से कम अंतर वाली 36 सीटों में भाजपा 22, टीएमसी 13 जीती। ऐसे में एक-एक वोट अहम है। हालांकि 25 हजार से ज्यादा अंतर वाली 111 में 108, 50 हजार से ज्यादा अंतर वाली 43 सीटें टीएमसी जीती थी।

## पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 21 लोगों की मौत

अमरावती

आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले के वेटलापलेम गांव में शनिवार को पटाखा बनाने वाली यूनिट में धमाका हो गया। हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे ब्लास्ट हुआ। धमाके इतना भीषण था कि इसकी आवाज 5 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। इसके बाद ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और हादसे में घायल लोगों को अस्पताल भेजना शुरू किया। पुलिस अधिकारी ने बताया- धमाका इतना तेज था कि लाशें पास के धान के खेतों में



जाकर गिरीं। हरे-भरे धान के खेतों के बीच डरावना मंजर देखने को मिला, जब स्थानीय लोग बाराकालू, यानी खाद की बोरियों से बनी चादरों में लाशें ले जाते दिखे। पुलिस ने पास के खेतों में बिखरे शरीर के हिस्सों का पता लगाने के लिए ड्रोन तैनात किए हैं। काकीनाडा गवर्नमेंट हॉस्पिटल के सुपरिटेंडेंट ने कहा कि हॉस्पिटल में आए घायल 90 से 100 परसेंट तक जले हुए हैं। उनका इलाज जारी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताते हुए हर मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री नेशनल रिलीफ फंड से दो लाख रुपए देने का ऐलान किया है। वहीं घायलों को ?50,000 की आर्थिक मदद दी जाएगी। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने संबंधित मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर हालात की निगरानी करने को कहा है। प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा है। सीएम चंद्रबाबू नायडू ने मृतकों के परिजनों को 20 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने मामले में चार सीनियर जिला स्तर के अधिकारियों को सस्पेंड करने का आदेश दिया।

## पांच महिलाओं समेत 7 तस्कर गिरफ्तार, रेलवे स्टेशन से 11 लाख रुपए का नशा बरामद

कोटा

कोटा रेलवे स्टेशन से 22 किलो 798 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। इस मामले में 2 युवकों और पांच महिला तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 11 लाख 39 हजार 900 रुपए आंकी गई है। कार्रवाई कोटा जंक्शन पर होली पर्व के मद्देनज़र चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई है।

एडीजीपी सुमित विश्वास, आईजी अजय पाल लांबा और एसपी जीआरपी अजमेर नरेन्द्र सिंह चौधरी के निर्देशन में यह अभियान चलाया जा रहा है। डीएसपी शकील अहमद खान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सोमेन्द्र कुमार के नेतृत्व में टीम ने आज सुबह 3:40 बजे प्लेटफॉर्म नंबर 3 के वेटिंग रूम में दबिश दी।

पुलिस को सूचना मिली थी कि 5 युवकों और पांच महिलाएं अंता-बारां की ओर जाने की तैयारी में थे। उनकी तलाशी लेने पर उनके बैगों से अलग-अलग मात्रा में गांजा बरामद हुआ। सभी आरोपियों के पास कोई वैध लाइसेंस या परमिट नहीं मिला।

पुलिस ने सभी सात आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा में मामला दर्ज किया है। मामले की जांच जारी है और मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त से जुड़े नेटवर्क की पड़ताल की जा रही है।

## मंदिर की जमीन को लेकर 2 गांव आमने-सामने

### दानदाताओं का बोर्ड देख भड़के, बोले- जीर्णोद्धार ग्रामीणों ने करवाया, दान नहीं दी

भरतपुर

भरतपुर में मंदिर की जमीन पर दानदाता का बोर्ड लगाने को लेकर 2 गांव के ग्रामीणों का आपस में विवाद हो गया। दोनों गांव आमने-सामने हो गए और एक दूसरे पर जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाने लगे। एक पक्ष का आरोप है कि मंदिर की जमीन बाबा खड़ेश्वरी ने खरीदी है। इस पर दानदाता का बोर्ड नहीं लगना चाहिए। ग्रामीणों ने ही मिलकर मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया है। वहीं दूसरे पक्ष का कहना था कि जमीन 3 भाइयों की है। सामने वाले पक्ष के लोग



जमीन पर कब्जा करने के लिए इकट्ठा हुए थे। ऐसे में दोनों गांवों के बीच तनाव की स्थिति हो गई और पुलिस ने दोनों पक्षों को वहां से हटाया। 1 घंटे तनाव की स्थिति के बाद मौके पर शांति है और पुलिस बल तैनात किया गया है। मामला भरतपुर के सेवर थाना इलाके का शनिवार सुबह 11 बजे का है। दरअसल, घसोला और बरसो के गांव के पास महा सिद्देश्वर श्री आत्मा प्रकाश जी खड़ेश्वरी बाबा का आश्रम और धर्मशाला है। जिस पर आज घसोला गांव के लोगों ने एक बोर्ड लगाया। जिस पर लिखा था 'दानदाता ग्यासी राम, जगन सिंह' इस पर बरसो गांव के लोगों ने आपत्ति जताई।

## परीक्षा देने जा रही आठवीं कक्षा की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म

### परीक्षा देने जाते समय नशीला पानी पिलाकर की वारदात

बूंदी

बूंदी जिले में एक नाबालिग बालिका के साथ सामूहिक रेप का मामला सामने आया है। पीड़िता आठवीं कक्षा की परीक्षा देने जा रही थी, तभी यह घटना हुई। उसे गंभीर हालत में कोटा के जेके लोन अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) केशवराय पाटन अशोक जोशी ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है और उसके बयान दर्ज करने के प्रयास किए जा रहे हैं। परिजनों ने दो से तीन युवकों पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। डीएसपी ने कहा कि घटना की सच्चाई पीड़िता के बयान और मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी।डीएसपी जोशी ने बताया कि बालिका शुक्रवार को परीक्षा देने जा रही थी। रास्ते में उसे तीन लड़के मिले, जिनमें से एक को वह जानती थी। उसी लड़के ने उसे पानी पिलाने के लिए पूछा और पानी में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया।

## ईडी में राहत दिलाने के नाम पर 13 लाख रू. की रिश्वत लेते हेड कांस्टेबल गिरफ्तार

जयपुर

एसीबी की स्पेशल यूनिट-2 जयपुर टीम ने कार्रवाई करते हुए ईडी में राहत दिलाने के नाम पर 13 लाख रुपये की रिश्वत लेते ईडी के हेड कांस्टेबल उत्तम पांडेय को गिरफ्तार किया है। एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता ने बताया परिवादी ने 30 दिसंबर, 2025 को एसीबी जयपुर में शिकायत दर्ज कराई थी कि वर्ष 2022 में क्यूएफएक्स प्राइवेट लिमिटेड नामक निजी कंपनी में निवेश के संबंध में उसके



साथ धोखाधड़ी हुई थी। प्रकरण में ईडी के हेड कांस्टेबल उत्तम पांडेय ने परिवादी से संपर्क कर स्वयं को ईडी चंडीगढ़ के सहा. निदेशक कार्यालय से संबद्ध बताते हुए मामले में नाम हटाने और राहत दिलाने के बदले रिश्वत की मांग की। प्रारंभ में आरोपित ने 20 लाख की मांग की, जिसे बाद में घटाकर 15 लाख व अंततः 13 लाख रुपये पर सहमति बनी। ट्रैप के दौरान आरोपित ईडी के हेड कांस्टेबल उत्तम पाण्डेय को कल्याण सर्किल स्थित होटल अशोका के पास 13 लाख रुपये की रिश्वत राशि लेते हुए गिरफ्तार किया गया। आरोपित के कब्जे से 2 लाख रुपए नकद व 11 लाख रुपए अन्य माध्यम से प्राप्त राशि बरामद की गई। एसीबी की एडीजी स्मिता श्रीवास्तव के

## अमेरिका-इजराइल का ईरान के कई शहरों पर हमला, 200 लोगों की मौत

### इजराइल के हमले में खामेनेई की मौत का दावा, ईरान ने कहा- सुप्रीम लीडर जिंदा

तेल अवीव/तेहरान

इजराइल ने शनिवार सुबह (भारतीय समयानुसार) ईरान की राजधानी तेहरान समेत कई शहरों पर हमला कर दिया। इसके जवाब में ईरान ने भी इजराइल पर जवाबी हमले शुरू कर दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने पलटवार करते हुए करीब 400 मिलाइलें दागी हैं। ईरान ने इजराइल के अलावा कतर, बहरीन और-श्व में मौजूद अमेरिकी बेस पर भी हमला किया है। दरअसल, इजराइल ने ईरान के खुफिया मंत्रालय, रक्षा





मंत्रालय, सुप्रीम लीडर खामेनेई का ऑफिस और ईरान का परमाणु ऊर्जा संगठन को निशाना बनाया। हमले के बाद खामेनेई को सुरक्षित जगह शिफ्ट कर दिया गया है।

रॉयटर्स ने इजराइली अधिकारियों के हवाले से ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत का दावा किया है।

इजराइली अधिकारियों के मुताबिक खामेनेई की डेड बॉडी मिली है। इससे पहले इजराइली PM बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा खामेनेई के मारे जाने के संकेत हैं। हालांकि उन्होंने कोई सबूत नहीं दिया है।

दूसरी तरफ ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि सुप्रीम लीडर जिंदा है। वे सुरक्षित जगह पर मौजूद हैं।

ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने बताया है कि अमेरिका और इजराइल के हमलों में कम से कम 201 लोगों की मौत हो चुकी है और 747 लोग घायल हुए हैं।

ईरान के एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 85 छात्राओं की मौत हो गई, जबकि 45 घायल हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि इजराइली हमले मे ईरानी रक्षामंत्री अमीर नासिरजादेह और रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर मोहम्मद पाकपोर की मौत हो गई।

इजराइल ने अमेरिका के साथ मिलकर ईरान के 10 शहरों पर एयरस्ट्राइक की है। हमले के बाद ट्रम्प ने वीडियो जारी कर कहा कि ईरान पर यह हमला अमेरिकी नागरिकों की रक्षा के लिए किया गया है।

### अमेरिका और इजराइल का जॉइंट मिलिट्री एक्शन

इजराइल ने ईरान के खिलाफ अपने नए अभियान का नाम 'लियोनस् रोर' (शेर की दहाड़) रखा है। वहीं अल जजीरा ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि यह अमेरिका और इजराइल का जॉइंट मिलिट्री एक्शन है।

यह हमला ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु हथियारों को लेकर चल रही बातचीत के बीच हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर हमले की धमकी दी थी। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई का मकसद अमेरिका और उसके लोगों को खतरे से बचाना है।

### ट्रंप की दो टूक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ अब तक का सबसे कड़ा रुख अपनाते हुए उसे एक सीधी और सख्त चेतावनी दी है। अमेरिका और इस्राइल की ओर से ईरान पर किए गए एक बड़े संयुक्त सैन्य हमले के बाद ट्रंप ने ईरान से साफ शब्दों में कहा है कि वह 'अपने हथियार डाल दे या फिर निश्चित मौत का सामना करे'। यह बड़ी सैन्य कार्रवाई मुख्य रूप से ईरान को उसके परमाणु कार्यक्रम को फिर से शुरू करने और मिसाइल विकसित करने से रोकने के लिए की गई है।

## महिला से रेप करके चौथी मंजिल से फेंका, मौत

### विक्टिम से शादी का झांसा देकर रेप करने वाला भी पकड़ा गया

भुवनेश्वर

ओडिशा में 23 साल की युवती के साथ रेप करके उसे चौथी मंजिल से फेंक कर मारने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

इसके अलावा पुलिस ने इसी युवती को शादी का झांसा देकर रेप करने वाले आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं।

दोनों घटनाएं 22 फरवरी की हैं, 23 फरवरी को युवती का शव मिला था। शनिवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया।

जगतसिंहपुर के पुलिस अधीक्षक अंकित कुमार वर्मा ने बताया कि 22 फरवरी से युवती सुबह 10 बजे घर से लापता थी। वह अपने प्रेमी के साथ भागकर शादी करने के लिए घर से निकली थी। उसके प्रेमी सोमनाथ ओझा ने शादी का झूठा वादा करके उसे मंदिर बुलाया, लेकिन बाद में एक सुनसान जगह ले जाकर उसके साथ रेप किया। इसके बाद उसने युवती को राहामा बस स्टैंड पर लावारिस छोड़ दिया।

22 फरवरी को ही बस स्टैंड पर अकेली और परेशान खड़ी युवती को देख झारखंड के धनबाद में रहने वाले शुभम कुमार सिंह ने उसे मदद की पेशकश की। उसने युवती को अपनी बाइक पर बैठाया।

## 1000 करोड़ का ठग दुबई से गिरफ्तार : ईडी नसीम को लखनऊ लाएगी

# अमेरिकी वाणिज्य सचिव अचानक पहुंचे नई दिल्ली, पीयूष गोयल के साथ की लंच मीटिंग

**-बैठक का मुख्य फोकस दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना था**



## तमिलनाडु की राजनीति में बड़ा उलटफेर, पनीरसेल्वम द्रमुक में शामिल



## केजरीवाल को मिली राहत, तेजस्वी ने कहा...बिहार में फिर से चुनाव कराए जाएं



## राजस्थान कांग्रेस की लीडरशिप देश की कांग्रेस नेतृत्व से बेहतर, राज्यवर्धन सिंह राठौर का तंज



# फिर से सत्ता में लौटने के लिए ममता ने साध लिए युवा और महिला वोटर... दो योजनाएं बनेगी चुनाव में गेमचेंजर



## महिला पुजारी अंसारी के ठुकराए रोड़ा छिपाई की गोली मारकर हत्या... (शीर्षक का शेष भाग अपठनीय)

## चंडीगढ़ में स्कूलों और सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी

# न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पुस्तक मामले में कांग्रेस का आरोप... इसके पीछे खुद पीएम मोदी शामिल

**पीएम मोदी सिर्फ दिखावे के लिए नाराजगी दिखा रहे**



# केरल के प्रसिद्ध अट्टुकल भगवती मंदिर में है पुरुषों का प्रवेश प्रतिबंधित



# 2007 के सफल फॉर्मूले के साथ 2027 में उतरेगी बसपा... मायावती का ब्राह्मण-दलित गठजोड़ पड़ेगा किस पर भारी



# मुख्यमंत्री का वित्त एवं विनियोग विधेयक पर जवाब

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट घोषणा में स्मार्ट और सशक्त पुलिसिंग का दिया संदेश

## कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने और पुलिसकर्मियों के कल्याण पर बड़ा फोकस

स्मार्ट हलचल| जयपुर

राजस्थान सरकार के बजट 2026-2027 के तहत वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने विधानसभा में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, कैडर पुनर्गठन तथा पुलिसकर्मियों के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं। इन घोषणाओं में उन्होंने स्मार्ट और सशक्त पुलिसिंग का संदेश देते हुए राजस्थान पुलिस में संसाधन, संरचना और मानवबल के व्यापक विस्तार का रोडमैप प्रस्तुत किया।

### कैडर पुनर्गठन से 7 हजार से अधिक कार्मिकों को मिलेंगे पदोन्नति के अवसर

पुलिस विभाग में तकनीकी संवर्ग में वर्ष 1998 में नियुक्त कॉन्स्टेबल वर्तमान में भी कॉन्स्टेबल के पद पर ही कार्यरत हैं जबकि सिविल पुलिस में 1998 में नियुक्त कॉन्स्टेबल पदोन्नति



प्राप्त कर सहायक उप निरीक्षक बन चुके हैं। इन स्थितियों में तकनीकी संवर्ग के कर्मियों में निराशा के भाव उत्पन्न हो रहे थे। इसे ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने तकनीकी संवर्ग के कार्मिकों को बेहतर पदोन्नति अवसर उपलब्ध कराने के लिए कैडर पुनर्गठन का निर्णय लिया है। इससे तकनीकी पदों के 7000 से अधिक कार्मिकों को पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। यह निर्णय न केवल विभागीय दक्षता बढ़ाएगा, बल्कि कार्मिकों की कार्यकुशलता व मनोबल को भी सुदृढ़ करेगा।

### डायल 112/100 से जुड़ेंगे थाने, मिलेंगे 1250 वाहन, बढ़ेगा त्वरित रिस्पॉन्स

मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए थानों एवं गश्ती दलों को डायल 112/100 प्रणाली से जोड़ते हुए चरणबद्ध रूप से 1,250 नए वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही 2,500 अतिरिक्त कार्मिकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी, जिससे आपात स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया और बेहतर फील्ड मॉनिटरिंग संभव हो सकेगी। पुलिस मुख्यालय स्तर पर इसकी निगरानी और क्रियान्वयन की समेकित व्यवस्था की जाएगी, जिससे श्वस्स्का वर्तमान रेस्पॉन्स समय जो 9.25 मिनट है, उस समय में और सुधार हो जाएगा व लोगों को त्वरित पुलिस रिस्पांस मिल पाएगा।

### महिला अपराध उन्मूलन हेतु कालिका पेट्रोलिंग यूनिट का होगा विस्तार

वर्तमान में महिला सुरक्षा को प्राथमिकता में रखते हुए 46 पुलिस जिलों में 500 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट कार्यरत है। मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम और सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की संख्या 500 से बढ़ाकर 600 करने की घोषणा की है। यह कदम महिला सुरक्षा व महिला अपराध उन्मूलन को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### विशेष प्रशिक्षित 'राज्य विशेष पुलिस बल' का गठन प्रस्तावित

वर्तमान में राज्य के महत्वपूर्ण भवनों एवं संस्थानों—लोकभवन, विधानसभा, उच्च न्यायालय, मुख्यमंत्री आवास, हवाई अड्डों तथा औद्योगिक इकाइयों की सुरक्षा सिविल पुलिस व आरएसी द्वारा की जाती है। अब मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इन स्थलों की सुरक्षा विशेष दक्षता के साथ कराने की दृष्टि से विशेष रूप से प्रशिक्षित 'राज्य विशेष पुलिस बल' के गठन का प्रस्ताव रखा है। इस दल को विशेष आधुनिक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा जिससे इन संस्थाओं की और बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

### सुशासन के लिए प्रशासनिक इकाइयों की स्थापना व क्रमोन्नति :

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने प्रदेश में विभिन्न प्रशासनिक इकाइयों की स्थापना व क्रमोन्नयन के साथ-साथ सुदृढ़ीकरण एवं आधारभूत सुविधायें विकसित किये जाने के लिए विभिन्न कार्य करवाने की घोषणा की है। इसके तहत लूणी-जोधपुर व पीसांगन-अजमेर में नवीन वृत / पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय, तेल फैक्ट्री पुलिस चौकी बारां, बाछडाऊ (चौहटन), महावीर नगर-बाड़मेर व नाडोल-जोधपुर को पुलिस चौकी से पुलिस थाना में क्रमोन्नत किया है। इसी प्रकार पिनान (रैणी)-अलवर में पुलिस थाना स्थापित किया जाएगा।

### ...और मजबूत होगी पुलिस संरचना

प्रदेश में विभिन्न प्रशासनिक इकाइयों की स्थापना एवं क्रमोन्नयन के साथ पुलिस संरचना को भी मजबूत किया जाएगा। नए पुलिस वृत्त, पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय तथा पुलिस चौकियों को थानों में क्रमोन्नत करने जैसे कदम पुलिस तंत्र को जमीनी स्तर पर अधिक प्रभावी बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने इन घोषणाओं के माध्यम से राज्य सरकार कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ पुलिसकर्मियों के हितों और कल्याण को भी समान प्राथमिकता दी है। राजस्थान पुलिस द्वारा बजट 2026-27 को पुलिस व्यवस्था के आधुनिकीकरण और सशक्तिकरण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# भीलवाड़ा में गूंजा प्रधानमंत्री का संदेश

प्रधानमंत्री के अजमेर में आयोजित कार्यक्रम का नगर निगम टाउन हॉल में हुआ सजीव प्रसारण, जिला स्तरीय कार्यक्रम में 7 नवनियुक्त कार्मिको को मिला प्रशस्ति पत्र



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अजमेर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण शनिवार को भीलवाड़ा के नगर निगम टाउन हॉल में किया गया। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में 7 नव नियुक्त कार्मिको को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए, जिन्हें सरकारी नौकरी मिली है। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू, एडीएम प्रतिभा, सीएमएचओ डॉ. संजीव शर्मा सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अजमेर में कहा, 'सरकार ने हमेशा महिलाओं की छोटी-छोटी समस्याओं को दूर करने को प्राथमिकता दी है। एचपीवी टीकाकरण अभियान इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए समर्पित है'। उन्होंने कहा, 'महिलाएं हर घर की रीढ़ हैं, और 2014 से बीजेपी सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं'।

अजमेर में प्रधानमंत्री मोदी ने 16,686 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिनमें उरबन डेवलपमेंट, पेयजल, सड़क, रेलवे, सिंचाई और ऊर्जा जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा, 21,8 63 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए, जो विभिन्न सरकारी विभागों में चयनित हुए हैं।

# भ्रामक साइनबोर्ड बना श्रद्धालुओं की मुसीबत

स्मार्ट हलचल

**आकोला।** कोटड़ी श्याम के द्वार पर गलत दिशा दिखा रहा विभाग का बोर्ड, एक साल से राह भटक रहे लोग

कोटड़ी (भीलवाड़ा)। मेवाड़ के प्रसिद्ध आस्था धाम श्री कोटड़ी चारभुजा नाथ मंदिर में राजस्थान ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों से भी हजारों भक्त दर्शन के लिए आते हैं। लेकिन, मंदिर के पास लालबाई-पुलबाई चौराहे पर लगा एक सरकारी साइनबोर्ड पिछले एक साल से यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बना हुआ है। बोर्ड पर अंकित गलत दिशा-निर्देशों के कारण बाहरी राज्यों से आने वाले श्रद्धालु रास्ता भटक रहे हैं।

### सवाईपुर-भीलवाड़ा मार्ग की जगह पहुंच रहे गांवों में

चौराहे पर लगे बोर्ड के अनुसार, पहले नंबर के रास्ते को सवाईपुर, बनका खेड़ा और भीलवाड़ा की ओर जाने वाला मार्ग बताया गया है। जबकि धरातल पर वास्तविकता




यह है कि यह रास्ता धायलों का खेड़ा और बलिया खेड़ा की ओर जाता है। जो भक्त भीलवाड़ा या सवाईपुर जाना चाहते हैं, वे इस गलत बोर्ड को देखकर गांवों की ओर निकल जाते हैं।

### किलोमीटर दूर जाकर लेना पड़ता है यू-टर्न

गलत रास्ते पर जाने के बाद श्रद्धालुओं को कई किलोमीटर तक कोई मोड़ नहीं मिलता। अंततः काफी दूर जाने के बाद उन्हें अहसास होता है कि वे गलत दिशा में आ गए हैं, जिसके बाद उन्हें यू-टर्न लेकर वापस आना पड़ता है। स्थानीय लोगों से रास्ता पूछने के बाद ही यात्री सही मार्ग पर लग पाते हैं। इससे न केवल उनका समय बर्बाद हो रहा है, बल्कि उन्हें मानसिक परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है।

### क्या है वास्तविक स्थिति और बोर्ड की बड़ी चूक?

तस्वीरों और स्थानीय भौगोलिक स्थिति के अनुसार रास्तों का विवरण इस प्रकार होना चाहिए, जो बोर्ड पर गलत अंकित है:

प्रथम रास्ताः धायलों का खेड़ा, बलिया खेड़ा (बोर्ड पर इसे सवाईपुर-भीलवाड़ा बताया गया है)।

द्वितीय रास्ताः सवाईपुर, बनका खेड़ा, भीलवाड़ा।

तृतीय रास्ताः बड़ा महुआ, बनेड़ा, हुरड़ा।

चौथा रास्ताः नन्दराय, बिगोद, मांडलगढ़ (जहाँ से फोटो लिया गया है)।

### जवाबदेही किसकी

लापरवाही का जिम्मेदार कौनः जब यह बोर्ड कस्बे के मुख्य लालबाई-पुलबाई चौराहे पर स्थित है, तो पिछले एक साल में प्रशासन की नजर इस बड़ी गलती पर क्यों नहीं पड़ी?

श्रद्धालुओं की परेशानीः क्या जिम्मेदार अधिकारियों को इस बात का अहसास है कि कोटड़ी श्याम के दर्शन करने आए भक्त सवाईपुर जाने के फेर में बलिया खेड़ा के रास्तों पर भटक रहे हैं?

सुधार में देरी क्योंः यदि यह बोर्ड तकनीकी रूप से गलत है, तो पंचायत या संबंधित विभाग ने इसे अब तक दुरुस्त क्यों नहीं करवाया? क्या किसी बड़े हादसे या यात्रियों के भारी विरोध का इंतजार किया जा रहा है?

# बापू नगर में 50 लाख की चोरी का पर्दाफाश

## हिस्ट्रीशीटर ने नाबालिग भांजे के साथ की थी वारदात, माल समेत बहन गिरफ्तार

प्रतापनगर पुलिस व डीएसटी की बड़ी कार्रवाई; सीसीटीवी और मुखबिर की सूचना से खुला राज, मुख्य आरोपी सत्तू बैरवा की तलाश जारी

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र स्थित बापू नगर में सूने मकान के ताले तोड़कर हुई 50 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी की बड़ी चोरी का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस और डीएसटी (छ्रस्) टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी की बहन कांता बैरवा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का माल (मशरूका) बरामद कर लिया है। वारदात का मुख्य सरगना कोतवाली थाने का हिस्ट्रीशीटर सत्यनारायण उर्फ सत्तू बैरवा है, जिसने अपने ही नाबालिग भांजे के साथ मिलकर इस बड़ी वारदात को अंजाम दिया था। दोनों मुख्य आरोपी फिलहाल फरार हैं, जिनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

### नोएडा गया था परिवार, पीछे से साफ कर दिया घर:

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि प्रार्थी गोपाल लाल सोनी (64) निवासी 13-ए-9, बीमा हॉस्पिटल के सामने, बापू नगर 25 फरवरी को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रार्थी अपने पारिवारिक काम से बेटे अशोक सोनी के साथ नोएडा (दिल्ली) गए हुए थे। 24 फरवरी की सुबह करीब 5 बजे अज्ञात चोरों ने उनके सूने मकान के गेट का ताला तोड़ा और घर में रखे करीब 50 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात व नकदी चुरा ले गए।

### सीसीटीवी से मिला सुराग, बहन के घर छिपाया माल:

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन और वृत्ताधिकारी (शहर) सज्जन सिंह के सुपरविजन में प्रतापनगर थानाधिकारी राजपाल सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल और शहर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तथा साइबर सेल व डीएसटी की मदद ली। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने कांवाखेड़ा निवासी और हाल हनुमान कॉलोनी में किराये पर रह रही मुख्य आरोपी की बहन कांता बैरवा (35) को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद उसके पास से चोरी का माल बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### 2 दर्जन मुकदमों का आरोपी है सत्तू:

थानाधिकारी राजपाल सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी सत्यनारायण उर्फ सत्तू बैरवा एक शातिर अपराधी है। वह कोतवाली थाने का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ चोरी व नकबजनी के 24 से अधिक आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं।

### कार्रवाई करने वाली टीम:

इस बड़ी कार्रवाई में थानाधिकारी राजपाल सिंह, एएसआई विजय सिंह, साइबर सेल के हेड कांस्टेबल चंद्रपाल, डीएसटी से कांस्टेबल दिलीप सिंह, अनिल कुमार, हरवीर, पवन कुमार और प्रतापनगर थाने के कांस्टेबल सुरेश कुमार की अहम भूमिका रही।

# पंचवटी कॉलोनी में किराए के कमरे से 18 किलो गांजा बरामद, तस्कर गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल |भीलवाड़ा

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम (छ्रस्) ने शनिवार को एक बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने शहर की पंचवटी कॉलोनी में एक किराए के मकान पर दबिश देकर 18 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### पलंग के अंदर छिपाया था नशे का जखीरा:

कोतवाली थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर ने बताया कि डीएसटी के कांस्टेबल घेवर लाल को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि पंचवटी कॉलोनी स्थित एक मकान में भारी मात्रा में मादक पदार्थ छिपाया गया है। इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारसमल जैन व डीएसपी सज्जन सिंह के सुपरविजन में टीम ने ए-617 पंचवटी कॉलोनी स्थित अभिषेक व्यास के मकान पर छापा मारा। यहाँ किराए पर रह रहे कैलाश चन्द्र जाट (31) के कमरे की तलाशी ली गई, तो पलंग के अंदर से 9 पैकेट बरामद हुए, जिनमें कुल 18 किलो गांजा भरा था।पुलिस ने अवैध गांजा जब्त कर आरोपी कैलाश चन्द्र जाट पुत्र भीमराज जाट (निवासी रूपालिया, मंगरोप) को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ कोतवाली थाने में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# अफीम की मनुहार और रील बनाना पड़ा भारी, पुलिस का बड़ा एक्शन

## शोक सभा और मंदिर में अफीम पीने वाले 5 धराए, सोशल मीडिया पर नशे का महिमामंडन करने वाले 33 'रीलबाज' भी गिरफ्तार; एक साल में पकड़ा 38.88 करोड़ का मादक पदार्थ

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

जिले में सामाजिक आयोजनों में अफीम की मनुहार (परोसने) और सोशल मीडिया पर नशे का भौकाल दिखाने वालों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक की है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे 'नशा मुक्त भीलवाड़ा 2.0' अभियान के तहत पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए कुल 38 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि अब शौक या शोक सभाओं में मादक पदार्थों का सेवन और सोशल मीडिया पर इसका महिमामंडन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### शोक सभा और मंदिर में चल रहा था अफीम का दौर

अभियान के तहत पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई कर 5 लोगों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है। पहली कार्रवाई बनेड़ा थाना पुलिस ने की, जहां ग्राम पंचायत बबराणा के भदेरियाश्याम भैरूनाथ मंदिर परिसर में अफीम का सेवन करते 3 लोगों को पकड़ा गया। वहीं, सदर थाना पुलिस ने ग्राम धुमडास में एक शोक सभा के दौरान अफीम का सेवन कर रहे 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### नशे की रील बनाने वाले 33 गिरफ्तार:

एसपी के निर्देश पर पुलिस की सोशल मीडिया सेल ने ऐसे लोगों को चिन्हित किया जो इंटरनेट (फेसबुक/इंस्टाग्राम) पर अफीम सेवन के वीडियो डालकर नशे का प्रचार-प्रसार कर रहे थे। पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में दबिश देकर 33 आरोपियों को निरोधात्मक कार्रवाई के तहत गिरफ्तार किया है। इनमें सबसे ज्यादा शाहपुरा से 17, मांडल से 4, आसींद, बनेड़ा, मंगरोप व सदर से 2-2, और हमीरगढ़, मांडलगढ़, पारोली व रायला से 1-1 व्यक्ति शामिल है।

### एक साल का रिपोर्ट कार्ड: 38 करोड़ से ज्यादा का नशा जब्त:

भीलवाड़ा पुलिस ने पिछले एक साल में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ 183 प्रकरण दर्ज कर 332 आरोपियों को जेल की हवा खिलाई है। इस दौरान 21 किलो अफीम, 2301 किलो गांजा और 12,057 किलो डोडा चूरा जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 38 करोड़ 88 लाख 9 हजार 500 रुपये आंकी गई है।

### एसपी धर्मेन्द्र सिंह की अपील:

जिला पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि नशा समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है। विशेष रूप से युवाओं को इससे बचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। सामाजिक सभाओं में नशीले पदार्थों का सेवन न करें और न ही ऐसी कुरीतियों का समर्थन करें।

# तीन बच्चों की मां की संदिग्ध मौत

## सात महीने से पीहर में रह रही थी विवाहिता



स्मार्ट हलचल|पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** जिले के करेड़ा थाना क्षेत्र के रामपुरिया गांव की एक 26 वर्षीया विवाहिता की अज्ञात जहरीली वस्तु के सेवन से मौत हो गई। मृतका पिछले सात महीनों से अपने तीन बच्चों के साथ पीहर शिवपुर में रह रही थी। पुलिस ने शनिवार को पीहर और ससुराल दोनों पक्षों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

करेड़ा थाने के सहायक उप निरीक्षक शरीफ मोहम्मद ने बताया कि रामपुरिया निवासी गोपाललाल सालवी की पत्नी ममता (26) बीते सात माह से अपने पीहर करेड़ा थाना क्षेत्र के शिवपुर में रह रही थी। शुक्रवार सुबह ममता ने अज्ञात जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया, जिससे उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजन उसे तुरंत राजसमंद जिले के भीम ले गए, जहाँ से उसे ब्यावर और फिर गंभीर हालत में भीलवाड़ा जिला अस्पताल रेफर किया गया। भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल में उपचार के दौरान शुक्रवार रात ममता ने दम तोड़ ।

घटना की सूचना मिलने पर शनिवार को पुलिस अस्पताल की मोर्चरी पहुँची। जहां मृतका के बड़े ससुर गिरधारीलाल सालवी ने इस संबंध में पुलिस को रिपोर्ट दी है। पुलिस ने दोनों पक्षों की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम करवाया। ममता अपने पीछे तीन मासूम बच्चों को छोड़ गई है। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि ममता ने किन परिस्थितियों में और किस कारण से जहरीली वस्तु का सेवन किया। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

# अजमेर में कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी, बोले- देश को बदनाम करना पुरानी आदत

## 17 हजार करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण, 21,800 युवाओं को नियुक्ति पत्र मिले

स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** अजमेर के कायड़ विश्रामस्थली में शनिवार को आयोजित सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की देश और सेनाओं को बदनाम करने की पुरानी आदत रही है और वह अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी भारत की छवि खराब करने की कोशिश करती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पहले 'इंडियन नेशनल कांग्रेस' थी, लेकिन अब उसका स्वरूप बदल गया है। उन्होंने यह भी कहा कि देश की प्रतिष्ठा बढ़ाने के प्रयासों के बीच ऐसी राजनीति उचित नहीं है।

प्रधानमंत्री ने हाल ही में दिल्ली में आयोजित वैश्विक एआई सम्मेलन का उल्लेख करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में दुनिया के कई देशों के शीर्ष नेता और बड़ी कंपनियों के प्रमुख भारत की प्रशंसा कर रहे हैं। उनके अनुसार, इससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का गौरव बढ़ा है और देश की क्षमता को नई पहचान मिली है।

### 17 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

सभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करीब 17 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से प्रदेश में आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी और विभिन्न क्षेत्रों में विकास को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि इन



प्रोजेक्ट्स के माध्यम से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और राजस्थान विकास के नए पथ पर आगे बढ़ेगा।

### 21,800 युवाओं को बांटे गए नियुक्ति पत्र

कार्यक्रम में 21,800 युवाओं को सरकारी नौकरियों के नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। मंच पर अंकिता मीणा, जिन्हें सीएचसी ऑफिसर के पद पर नियुक्ति मिली और मुकेश प्रजापत, जिन्हें जूनियर इंजीनियर के पद पर नियुक्ति दी गई, को प्रधानमंत्री ने स्वयं नियुक्ति पत्र सौंपे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले प्रदेश में पेपर लीक की खबरें सामने आती थीं, लेकिन अब पारदर्शिता के साथ युवाओं को अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।

### एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ

प्रधानमंत्री ने 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान की शुरुआत भी की। उन्होंने इसे सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया और कहा कि इससे बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण को मजबूती मिलेगी।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संबोधन

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार 'डबल इंजन' मॉडल के तहत विकास कार्यों को गति दे रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और केंद्र व राज्य सरकार मिलकर प्रदेश के समग्र विकास के लिए कार्य कर रही हैं।

# चांदगढ़ भेरुनाथ मंदिर में मूर्ति स्थापना व पूर्णाहुति कार्यक्रम आज से

स्मार्ट हलचल| आकोला

कस्बे के चांदगढ़ गांव स्थित भेरुनाथ मंदिर में आज रविवार से मूर्ति स्थापना एवं पूर्णाहुति कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ 101 कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। पांच दिनों तक श्रद्धालु जोड़े बैठकर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करेंगे। बीज के दिन विशेष पूजा-अर्चना व पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। मंदिर परिसर में व्यापक तैयारियां की गई हैं। ग्रामीणों के अनुसार पूरे क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है, आयोजन को लेकर गांव में खासा जोश देखने को मिल रहा है।

# शांति समिति की बैठक संपन्न, होली और रमजान के मद्देनजर सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने पर दिया जोर

## तेज आवाज में डीजे बजाने पर होगी कार्यवाई

स्मार्ट हलचल। भीलवाड़ा

आगामी त्यौहार होली और रमजान को ध्यान में रखते हुए, जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधु के निर्देशानुसार शनिवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस विभाग, जनप्रतिनिधियों और समाज के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।




बैठक के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह यादव ने सभी समुदायों से आपसी भाईचारे और शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहारों का उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है, और इसे किसी भी प्रकार की अफवाहों या गलतफहमियों से प्रभावित नहीं होने देना चाहिए।

जिला पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह यादव ने सभी नागरिकों से सौहार्द और एकता बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की। पुलिस अधीक्षक ने बैठक में सभी धर्मो केलोगो से प्रेम और भाईचारे के साथ त्योहारों को मानने की अपील की । पुलिस अधीक्षक ने बताया कि संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। होली एवं रमजान के दौरान असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और धार्मिक स्थलों के आसपास सुरक्षा बढ़ाई जाएगी।

बैठक में मौजूद शांति समिति के सदस्य एवं विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया और त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की प्रतिबद्धता जताई। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सौहार्द बनाए रखें, अफवाहों से बचें और किसी भी समस्या की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें। इस दौरान एडीएम, एडीएम सिटी प्रतिभा सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारीगण एवं शांति समिति के सदस्य तथा विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## फागोत्सव की रंगीन छटा में रंगे छीदिया के बालाजी,भक्तों ने चढ़ाया आकर्षक चोला

स्मार्ट हलचल। मंगरोप



कस्बे के मारू भांभी मौहल्ले में स्थित श्री राम भक्त सिद्धेश्वर हनुमान (छीदिया के बालाजी) मंदिर में फागोत्सव बड़े श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर मंदिर में रंगों से ओतप्रोत भव्य चोला चढ़ाया गया,जिससे पूरा परिसर भक्ति और फाल्गुनी रंगों की छटा से सराबोर हो उठा।फागोत्सव के दौरान भक्तों ने भगवान हनुमान की विशेष पूजा-अर्चना की और परिवार व समाज की सुख-समृद्धि की कामना की।मंदिर प्रांगण में भजन-कीर्तन और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।इस धार्मिक कार्यक्रम में नारायण मारू एवं उज्ज्वल मारू सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## फागोत्सव की तर्ज पर बलराम गौशाला में भव्य गौउत्सव



स्मार्ट हलचल। मंगरोप

कस्बे में स्थित बलराम गौशाला में भामाशाहों एवं ग्रामीणों के सहयोग से फागोत्सव की तर्ज पर भव्य गौउत्सव का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान गौसेवा और सामाजिक समरसता का अनूठा उदाहरण देखने को मिला।इस अवसर पर भामाशाह भेरूलाल सोमानी, बरदीचन्द गाडरी, कालूलाल गुर्जर, कालू मामा, भेरूलाल खटीक, नारायणलाल बागरिया सहित अन्य ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से 10 क्विंटल हरा चारा गौमाताओं को अर्पित कर गौउत्सव मनाया।आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन, रंग-गुलाल और आपसी भाईचारे के माहौल में गौसेवा का संकल्प दोहराया गया।ग्रामीणों ने बताया कि फागोत्सव की परंपरा को गौसेवा से जोड़ने का उद्देश्य समाज में पशु-कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और गौशालाओं को सहयोग प्रदान करना है। गौशाला प्रबंधन ने सभी भामाशाहों और सहयोगी ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से गौसंरक्षण को मजबूती मिलती है।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने नियमित रूप से गौशाला सहयोग का संकल्प लिया।

## ननद भौजाई महिला मंडल ने मनाया फूलों संग फाग महोत्सव, ठाकुरजी संग खेली फूलों की होली

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** फाल्गुन मास की मस्ती और श्याम भक्ति के रंग में सराबोर होकर नणंद भौजाई महिला मंडल द्वारा शहर के चारभुजा नाथ बडे मंदिर में फूलों के संग फाग महोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओ सहित श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी संग फूलों की होली खेलकर फाग का आनंद लिया। मंडल की साधना बाहेती ने बताया कि ननद भाभी मंडल के द्वारा के फाग महोत्सव की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। इसके बाद होली खेल रहे बांके बिहारी रे, आज रंग बरस रहा और फागण आयो रे, म्हाने खाटू बुलायो रे, रंग मत डाले सांवरिया, आज बीरज में होली रे रसिया भजनों पर भक्ति रस में सरोबार श्रद्धालुओं ने राधा-कृष्ण बनी महिलाओं के साथ फागुनी गीतों पर जमकर नृत्य किया। कान्हा और खाटू श्याम के जयकारों के बीच महिलाओं ने एक-दूसरे पर पुष्प वर्षा की और अबीर-गुलाल उड़ाकर उत्सव की खुशियां बांटी। भजन कीर्तन की सभी महिलाओं ने फागण की साड़ी पहनी। गायक कलाकारों द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गई। मंडल के द्वारा मन्दिर परिसर को सजाया गया। सभी भक्तों को भगवान की आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान राधा-कृष्ण के रूप में मधु लाहोटी, ज्योति चेचाणी राधा व सीमा लढा व मोनिका डाड कृष्ण बनी। इस आनंदमयी उत्सव में मंडल की रतनदेवी काबरा, आराधना पोरवाल, बबीता काबरा, संगीता काबरा, लीला काबरा, सीमा लढा, विधा पोरवाल, लाड़ बियाणी, शकुंतला अजमेरा, निर्मला अजमेरा, सूरज काबरा, आशा काबरा, चन्दा मुंदड़ा, द्वारिका गग्गड़ सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय महिलाएं भी उपस्थत रही। मंडल के सदस्यों ने बताया कि इस वार्षिक फागोत्सव का उद्देश्य आपसी प्रेम और भक्ति भाव को बढ़ावा देना है।

## शाहपुरा में बाबा रामदेव जी की रथ यात्रा का भव्य स्वागत



### ढोल-नगाड़ों व पुष्पवर्षा से गूंजा कालिंजरी गेट

स्मार्ट हलचल। शाहपुरा

लोकदेवता बाबा रामदेव जी की पावन रथ यात्रा के शाहपुरा पहुंचने पर श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। कालिंजरी गेट पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों की गूंज और पुष्पवर्षा के साथ रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया। पूरे क्षेत्र में 'रामदेव बाबा की जय ', 'रुणीजा धाम ', 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

रथ में बाबा रामदेव जी की आकर्षक प्रतिमा विराजमान थी। श्रद्धालुओं ने सामूहिक आरती कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर संत महंत हीरालाल जोगी का शाल ओढ़ाकर, माल्यार्पण कर तथा भगवा दुपट्टा धारण कराकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद के सह प्रांत गोरक्षा प्रमुख रामेश्वर लाल धाकड़ ने किया। महंत हीरालाल जोगी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह रथ यात्रा 5 फरवरी को कोटा से प्रारंभ हुई थी और राजस्थान के विभिन्न जिलों से होते हुए 19 मार्च को रुणिचा धाम नया नगर, बिजोलिया (भीलवाड़ा) में विशाल धार्मिक आयोजन के साथ संपन्न होगी। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के सह प्रांत गौ रक्षा प्रमुख रामेश्वर लाल धाकड़, प्रखंड गौ सेवक प्रमुख राजू कहार, रेगर समाज अध्यक्ष देबीलाल रेगर, धाकड़ समाज अध्यक्ष देबी लाल धाकड़, शिवसेना के राहुल धाकड़, पार्षद लालाराम नायक, भेरूलाल कहार, पप्पू सेन, कैलाश नायक, मनोज पाठक, पूर्व पार्षद ईश्वर भील ,महावीर लोहार, किशन पाठक, मूलचंद लोहार ,हेमराज धाकड़, रामेश्वर कहार ,लक्ष्मण सिंह, सुनील दत्त पांडिक, शिवराज धाकड़, जगदीश कहार, महादेव धाकड़ सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बीकानेर वसुंधरा हत्याकांड के विरोध में एकजुट हुआ सेन समाज, पीड़ित परिवार को सौंपी 1.82 लाख की सहायता

स्मार्ट हलचल। भीलवाड़ा/बीकानेर



बीकानेर जिले के बज्जू रणजीतपुरा निवासी श्री देवीलाल जी सेन की पुत्री वसुंधरा सेन की दुष्कर्म के बाद नृशंस हत्या के बाद पूरे देश के सेन समाज में भारी आक्रोश है शोक की इस घड़ी में पीड़ित परिवार को संबल देने के लिए प्रदेशभर से आर्थिक सहयोग का सिलसिला जारी है इसी क्रम में भीलवाड़ा समस्त सेन समाज ने 1,11,000 रुपये (एक लाख ग्यारह हजार) और विजयनगर सेन समाज ने 71,300 रुपये की सहायता राशि एकत्रित की सेन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने बीकानेर के रणजीतपुरा पहुँचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और एकत्रित की गई कुल सहयोग राशि शोक संतृप्त पिता को सौंपी समाज के वरिष्ठ जनों ने परिवार को विश्वास दिलाया कि न्याय की इस लड़ाई में पूरा सेन समाज उनके साथ खड़ा है

इस दौरान पूर्व जिला प्रमुख रामचंद्र जी सेन, सेन युवा एकता मंच (मांडल) के प्रदेश संरक्षक लाल कृष्ण सेन, यशोवर्धन सेन भारतीय सेन समाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा संगठन, क्षोरकार अध्यक्ष गोविंद जी सेन, राजेश जी (दाढ़ी वाले), प्रवीण जी सेन (शम्भूगढ़) और दुर्गालाल जी सेन (अजमेर) प्रमुख रूप से उपस्थित रहे साथ ही बीकानेर और स्थानीय स्तर से पत्रकार आरडी भाटी साहब, खिया राम जी सेन (कोलायत), विजय कुमार और प्रभु जी सेन (बीकानेर) ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और समाज की इस एकजुटता की सराहना की।

## करुणा क्लब के माध्यम से शिक्षक और छात्रों ने विद्यालय परिसर को बनाया हरा-भरा



स्मार्ट हलचल। लांबियाकला

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लांबिया कलां में अंतरराष्ट्रीय चेन्नई के तत्वाधान में संचालित करुणा क्लब के माध्यम से शिक्षक कमला जाट, छात्र धनराज गुर्जर, नारायण गुर्जर और किशन गुर्जर ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य पर विद्यालय परिसर में छायादार, फलदार और औषधीय पौधे लगाए। करुणा क्लब प्रभारी अशोक कुमार सेन ने बताया इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय के उपाचार्य महावीर सुथार, वरिष्ठ अध्यापक जगदीश चंद्र कुमावत, राम नारायण गुलानिया, दुर्गा छीपा ,सलमा बानो सहित सभी स्टाफ साथी एवं करुणा क्लब सदस्य छात्र उपस्थित थे पूर्व में भी स्थानीय विद्यालय में करुणा क्लब के माध्यम से 20 पौधे लगाए जा चुके हैं जो अच्छी तरह से फल-फूल रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के इस पुनीत कार्य के लिए स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार शर्मा एवं उप प्राचार्य सतीश कुमार व्यास ने बहुत ही सराहना की।

## श्यामगढ़ विद्यालय में 28 फ़रवरी 2026 को महाराणा प्रताप के राज्य रोहन दिवस के उपलक्ष में प्रार्थना सत्र के पश्चात कार्यक्रम आयोजित

स्मार्ट हलचल



**लाडपुरा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्यामगढ़ में शनिवार 28 फ़रवरी 2026 को शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार महाराणा प्रताप के राज्य रोहन दिवस के उपलक्ष में प्रार्थना सत्र के पश्चात कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त कर्मचारी व छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के लिए महाराणा प्रताप पर प्रश्नोत्तरी, निबंध एवं पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता करवाई गई मंच संचालन दिलीप त्रिपाठी ने किया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को महाराणा प्रताप के जीवन, त्याग और पराक्रम के बारे में बताया गया। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, इस दिन विशेष प्रार्थना सभाएं, भाषण, निबंध प्रतियोगिताएं तथा सांस्कृतिक और ऐतिहासिक गतिविधियां आयोजित की गई। इस अवसर पर विद्यालय में महाराणा प्रताप की जीवनी पर प्रेरक प्रसंग, देशभक्ति गीत, और अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने इन गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाराणा प्रताप के आदर्शों से प्रेरणा देना और उनके जीवन मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर डॉ पवन कुमार शर्मा, भगवान सहाय, शंकर लाल सालवी, रामराज मीणा, छुट्टन लाल मीणा, नरेश मीणा, रामराज मीणा, शारीरिक शिक्षक लादू लाल तेली, दिलीप त्रिपाठी, चावली देवी चौधरी, नंदलाल बलाई, हेमराज यादव, शंभू नाथ, नंदकिशोर जोशी, राजेश मेघवाल, देवीलाल धाकड़, मौजूद रहे।

## महाराणा प्रताप के राज्यारोहण दिवस पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित



स्मार्ट हलचल

**रायपुर।** महाराणा प्रताप के राज्यारोहण दिवस को लेकर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोशीथल में महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष कक्षा 1 से कक्षा 11 तक के समस्त छात्र-छात्राओं ने 'महाराणा प्रताप अमर रहे अमर रहे' के जय घोष के साथ आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। समस्त विद्यालय परिवार ने प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें कक्षा 9 व11 के 61 छात्रों ने भाग लिया। महाराणा प्रताप की प्रेरक जीवनी पर वरिष्ठ अध्यापक रमेशचंद्र वैष्णव, प्राध्यापक प्रभु लाल शर्मा, संस्था प्रधान सत्यनारायण गुर्जर आदि ने प्रकाश डाला। इस अवसर पर कंचन सोनगरा, वासवदत्ता खंडेलवाल, संदीप शर्मा, जगदीश चंद्र जाट, सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## विद्यालय से सेवानिवर्त रामकिशन छीपा को दी गई विदाई



स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को रामकिशोर छीपा सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजित किया गया। यह समारोह रामकिशोर छीपा को विद्यालय से सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी। जहां स्थानीय जनप्रतिनिधि, अभिभावक, विद्यार्थी और शिक्षकों ने उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान मौजूद स्थानीय जनप्रतिनिधि, विद्यालय के क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों, अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं नए पुराने शिक्षकों ने विद्यालय से सेवानिवृत्त हो रहे रामकिशोर के लंबे आयु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस दौरान मंचासीन शिक्षक, ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं विद्यालय समिति के सदस्यों की ओर से सेवानिवृत्त रामकिशोर छीपा का माल्यार्पण किया गया। वहीं शिक्षकों की ओर से शॉल ओढ़ा कर तथा उपहार देकर उन्हें सम्मान सहित विदाई दी गई।

## कोटड़ी चारभुजा मंदिर में 2 मार्च को होलिका दहन, 3 मार्च को 9 घंटे बंद रहेंगे ठाकुर जी के पट

**100 साल बाद होली पर चंद्र ग्रहण का दुर्लभ साया, मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने बाहरी भक्तों से 4 मार्च को आने की अपील की**

स्मार्ट हलचल




**आकोला।** मेवाड़ के सुप्रसिद्ध आस्था धाम श्री कोटड़ी चारभुजा नाथ मंदिर में इस वर्ष होली का पर्व खगोलीय घटनाक्रम और अटूट श्रद्धा के अनूठे संगम के बीच मनाया जाएगा। आगामी 2 मार्च को जहां मंदिर परिसर में फाल्गुनी उल्लास के साथ होलिका दहन होगा, वहीं 3 मार्च को पूर्णिमा पर लगने वाले चंद्र ग्रहण के कारण 9 घंटे तक मंदिर के पट बंद रहेंगे। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, होली पर ऐसा दृश्यमान ग्रहण लगभग एक सदी (100 वर्ष) के अंतराल के बाद बन रहा है।

2 मार्चः संध्या आरती के बाद प्रज्वलित होगी होली मंदिर परंपरा के अनुसार, 2 मार्च (सोमवार) को फाल्गुन पूर्णिमा के उपलक्ष्य में विशेष श्रृंगार किया जाएगा। संध्या आरती के पश्चात रात्रि 7:15 बजे मंदिर परिसर में विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ होलिका दहन का भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा। इस दौरान श्रद्धालु मौजूद रहेंगे।

3 मार्चः चंद्र ग्रहण का सूतक और मंदिर की मर्यादा श्री चारभुजा मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने बताया कि 3 मार्च (मंगलवार) को भारत में दृश्यमान चंद्र ग्रहण के कारण सूतक काल प्रभावी रहेगा। शास्त्रों की मर्यादा को ध्यान में रखते हुएः सूतक प्रारंभः प्रातः 9:45 बजे सूतक समाप्तिः सायं 6:45 बजे इस 9 घंटे की अवधि के दौरान मंदिर के पट पूरी तरह बंद रहेंगे। भगवान की मूर्तियों के स्पर्श और दर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

4 मार्च को दर्शन करना रहेगा श्रेष्ठः ट्रस्ट अध्यक्ष अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने विशेष जानकारी देते हुए बताया कि 3 मार्च को सायं 6:45 बजे ग्रहण मोक्ष के पश्चात मंदिर का शुद्धिकरण, गंगाजल से अभिषेक और विशेष संध्या आरती की जाएगी। इस लंबी प्रक्रिया के कारण उस दिन भक्तों को दर्शन का समय बहुत कम मिल पाएगा। अतः उन्होंने बाहर से आने वाले पदयात्रियों और श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे असुविधा से बचने के लिए 4 मार्च (बुधवार) को दर्शन हेतु कोटड़ी पधारें। क्यों लगता है सूतक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, चंद्र ग्रहण के दौरान चंद्रमा की किरणें दूषित हो जाती हैं, जिसका प्रभाव प्राण-प्रतिष्ठित मूर्तियों और प्रकृति पर पड़ता है। नकारात्मक ऊर्जा से बचाव के लिए सूतक काल में मूर्तियों को ढका जाता है और पूजा वर्जित रहती है। शुद्धिकरण के बाद ही पुनः दर्शन प्रारंभ होते हैं।

## सिंगोली चारभुजा में तीन दिवसीय फूलडोल महोत्सव 18 मार्च से

स्मार्ट हलचल



**आकोला।** मेवाड़ के धार्मिक तीर्थ स्थल आत्मनिर्भर मंदिर सिंगोली श्याम में तीन दिवसीय फुलडोल महोत्सव की तैयारी देवस्थान विभाग अजमेर के सहायक आयुक्त गिरीश बच्चानी के निर्देशन में जोरों पर है । मंदिर प्रबंधक अर्जुन सिंह सोलंकी ने बताया कि तीन दिवसीय फूलडोल महोत्सव में 18 मार्च को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित होगा ।कवि सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि मुन्ना बैटरी मध्य प्रदेश,हास्य कवि दीपक पारीक भीलवाड़ा, राजस्थानी गीतकार बाबू बंजारा बांरा, अंतर्राष्ट्रीय कवयित्री सपना सोनी श्रृंगार रस आगरा उत्तर प्रदेश, सिद्धार्थ देवल वीर रस उदयपुर, अजय हिंदुस्तानी वीर रस मध्य प्रदेश, कानू पंडित हास्य कवि नाथद्वारा, कवि अंशुमन आजाद ओजस्वी कवि निंबाहेड़ा, कवि संजीव सजल पैरोडीकार भीलवाड़ा, प्रभु प्रभाकर प्रसिद्ध हास्य कवि सहीत ख्याति प्राप्त कविगणो को आमंत्रित किया है । कार्यक्रम संयोजक कवि मनीष सुखवाल हास्य कवि मांडलगढ़ रहेंगे।

# आईसीएआई की मध्य भारत क्षेत्रीय परिषद के लिए वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी घोषित

## भीलवाड़ा के सीए निर्भिक गांधी वर्ष 2026-27 के लिए सचिव निर्वाचित

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



भीलवाड़ा शाखा अध्यक्ष सीए दिनेश सुथार ने बताया कि अकाउंटेंसी के क्षेत्र में भारत की सबसे प्रतिष्ठित संस्थान, आईसीएआई की मध्य भारत क्षेत्रीय परिषद ने वर्ष 2026-27 के लिए अपनी नई कमान चुन ली है। भीलवाड़ा शाखा के पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान में क्षेत्रीय परिषद सदस्य सीए निर्भिक गांधी को इस विशाल परिषद का वर्ष 2026-27 के लिए सचिव निर्वाचित किया गया है। यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि आईसीएआई की सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल के अंतर्गत राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड एवं बिहार जैसे प्रमुख राज्य शामिल हैं। यह क्षेत्र देश के सबसे बड़े एवं सक्रिय क्षेत्रों में से एक है, जहाँ 85,000 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स तथा लगभग 2,50,000 से अधिक सीए विद्यार्थी पंजीकृत हैं। इस निर्वाचन ने न केवल भीलवाड़ा का मान बढ़ाया है, बल्कि आगामी कार्यकाल के लिए पेशे की मजबूती और सेवा विस्तार की नई उम्मीद भी जगाई हैं। ऐतिहासिक निर्वाचन और नए पदाधिकारी मध्य भारत क्षेत्रीय परिषद की हालिया बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन बेहद सौहार्दपूर्ण और पेशेवर माहौल में संपन्न हुआ।

सीए निर्भिक गांधी वर्ष 2025-26 से CIRC के क्षेत्रीय परिषद सदस्य एवं सीकासा मेंबर रहे हैं और अब सचिव के पद पर निर्वाचित हुए हैं।

शाखा सचिव सीए पुलकित राठी ने बताया कि कानपुर में मध्य भारत क्षेत्रीय परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय परिषद के पदाधिकारियों एवं विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। उनके साथ चेयरमैन पद पर सीए अंकुर गोयल (कानपुर), वाइस चेयरमैन के रूप में सीए अंकुश जैन (इंदौर), कोषाध्यक्ष के रूप में सीए धवल कोठारी (जोधपुर), सीकासा चेयरमैन पद पर सीए नितिन गुप्ता (गाजियाबाद) को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नवनिर्वाचित टीम ने संगठन के विकास, सदस्यों के व्यावसायिक उन्नयन तथा ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया है। नवनिर्वाचित सचिव सीए निर्भिक गांधी ने आश्वासन दिया कि 'वे पेशे के सुदृढ़ीकरण, सदस्यों की सेवाओं के विस्तार तथा पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद एवं आईसीएआई के समग्र विकास हेतु समर्पित भाव से कार्य करेंगे।' यह निर्वाचन न केवल एक प्रशासनिक बदलाव है, बल्कि आईसीएआई के सबसे बड़े रीजन में एक प्रगतिशील दृष्टिकोण को स्थापित करने का प्रयास भी है।

सीए निर्भिक गांधी के इस निर्वाचन से भीलवाड़ा शाखा के समस्त सदस्यों में हर्ष की लहर व्याप्त है। शाखा के सदस्यों ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया है। सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व में परिषद की गतिविधियों को नई गति मिलेगी तथा सदस्यों और विद्यार्थियों के हितों को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा।

# लायंस क्लब उदयपुर लेक सिटी द्वारा पूर्व प्रांतपाल सम्मान समारोह का आयोजन




स्मार्ट हलचल | उदयपुर

क्लब प्रवक्ता डॉ. मीना बाबेल ने बताया कि लायंस क्लब उदयपुर लेक सिटी द्वारा आयोजित अष्टम सामान्य सभा के अवसर पर क्लब अध्यक्ष श्री सिद्धार्थ चतुर के सान्निध्य में पूर्व प्रांतपाल सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में लायंस क्लब के वरिष्ठ एवं समर्पित पदाधिकारियों श्री वी.के. लडिया, श्री आर.एल. कुणावत, श्री अरविंद चतुर, श्री अनिल नाहर एवं श्री संजय भंडारी को समाज सेवा में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. कर्नल एस.एस. सारंग देवोत कुलपति - राजस्थान विद्यापीठ यूनिवर्सिटी रहे।

कार्यक्रम में रीजन चेयरपर्सन अजय मोर और जॉन चेयरपर्सन डॉ. दीपेंद्र सिंह चौहान की विशिष्ट अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर क्लब द्वारा संचालित विभिन्न सेवा कार्यों एवं स्थायी सामाजिक परियोजनाओं–जैसे स्वास्थ्य सेवा, नेत्रदान, रक्तदान एवं अन्य जनकल्याणकारी प्रोजेक्ट्स–पर विस्तृत चर्चा की गई। इन सभी गतिविधियों की जानकारी सचिव श्री यतिंद्र सिंह बाबेल द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष श्री मनीष शर्मा द्वारा किया गया।

# भीलवाड़ा डेयरी में बीमएसी व सिटी सप्लाई वाहन ठेकेदारों द्वारा विशाल भजन संध्या आयोजित

## माया म्यूजिक ग्रुप के कलाकारों की प्रस्तुतियों से भक्ति रस में डूबे श्रोतागण



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा डेयरी परिसर स्थित श्री सगस बाबजी स्थान पर भव्य भजन संध्या और प्रसादी कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। डेयरी के बीएमसी एवं सिटी सप्लाई वाहन ठेकेदारों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालुओं और डेयरी से जुड़े कार्मिकों ने शिरकत की। विशाल भजन संध्या में सुप्रसिद्ध माया म्यूजिक ग्रुप के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

भजन गायक - माया गुर्जर, हंसा रंगीली, शालू नागौरी, सुमन प्रजापत, लक्ष्मण मोदड़ा थे। इन कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे श्रोता रात्रि से लेकर भोर तक मंत्रमुग्ध रहे। कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक विशाल प्रसादी (भंडारा) का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में डेयरी जगत और श्रमिक संगठनों के कई प्रमुख पदाधिकारी सम्मिलित हुए, जिनमें मुख्य रूप से प्रबंध संचालक त्रिभुवन पाटीदार एवं समस्त डेयरी स्टाफ, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश विधि सलाहकार प्रभाष चौधरी, महामंत्री हरीश सुवालका, भारतीय डेयरी कर्मचारी संघ के संरक्षक मोहन लाल सराधना, अध्यक्ष सांवर माली और महामंत्री मान सिंह सिसोदिया, वाहन ठेकेदार एवं सहयोगी कानाराम, नैमाराम माली, जमनालाल गुर्जर, शोभालाल शर्मा, लालाराम गुर्जर, प्रभुलाल शर्मा, मांगू गुर्जर, छोटू गुर्जर, मुकेश सहित विभिन्न वाहन चालक और डेयरी से जुड़ी अन्य पार्टियां शामिल थी। आयोजन डेयरी के बीमएसी व सिटी सप्लाई वाहन ठेकेदारों द्वारा किया गया। आयोजन की सफलता पर श्री सगस बाबजी मंदिर के पंडित सम्पत लाल शर्मा एवं भोपाजी भैरू लाल ने सभी अतिथियों, कलाकारों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# विनायक मित्र मंडल का भव्य होलिका दहन व शीतला अष्टमी महोत्सव 2 व 11 मार्च को, तैयारियों को लेकर क्षेत्र में भारी उत्साह

स्मार्ट हलचल | मांडलगढ़ (भीलवाड़ा)




नगर के विनायक मित्र मंडल के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी फाल्गुन पर्व के उपलक्ष्य में 2 मार्च को भव्य होलिका दहन और 11 मार्च को सामूहिक शीतला अष्टमी महोत्सव का वृहद आयोजन किया जा रहा है। नगर पालिका वार्ड नंबर 2 के पार्षद पवनेश ओस्तवाल ने बताया कि इस बहुप्रतीक्षित और रंगारंग कार्यक्रम को लेकर मांडलगढ़ नगर सहित आसपास के संपूर्ण क्षेत्र में भारी उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 2 मार्च को होलिका दहन का मुख्य समारोह शाम 6:30 बजे से ही प्रारंभ हो जाएगा, जिसके पश्चात रात्रि 8:50 बजे शुभ मुहूर्त में होलिका दहन किया जाएगा। इस वर्ष का आयोजन दर्शकों के लिए बेहद खास और भव्य होने वाला है। कार्यक्रम स्थल को शानदार साउंड, आकर्षक लाइटिंग, बैलून और विशेष भगवा सजावट से सुसज्जित किया जाएगा। राजस्थानी संस्कृति की सतरंगी झलक पेश करते हुए कच्ची घोड़ी नृत्य, कालबेलिया नृत्य, चरी नृत्य और पारंपरिक राजस्थानी नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

इसके साथ ही ढोल की थाप और साफे की शान के बीच स्काई व पायरो आतिशबाजी, पेपर शॉट, बबल मशीन द्वारा उड़ते बुलबुले और शानदार सेल्फी पॉइंट्स युवाओं के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे। बच्चों के मनोरंजन का भी विशेष ध्यान रखा गया है, जिसके लिए अलग से झूले और मिकी माउस लगाए जाएंगे।

वहीं, 11 मार्च को सामूहिक शीतला अष्टमी के पावन अवसर पर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक एक विशेष संगीतमय कार्यक्रम रखा गया है। इसमें क्षेत्र के मशहूर भजन गायक प्रेम शंकर जाट और दिनेश अमरवासी अपने सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर करेंगे। विनायक मित्र मंडल द्वारा आयोजन में शामिल होने वाले सभी धर्म प्रेमी बंधुओं के लिए गुलाल खेलने और जलपान की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। मंडल ने सभी क्षेत्रवासियों से इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने और कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।

# यूथ कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों को रिहा करने की मांग



स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़।** यूथ कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब सहित अन्य पदाधिकारियों की गिरफ्तारी के विरोध और उनकी रिहाई की मांग को लेकर कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन किया।

यूथ कांग्रेस के प्रदेश संयोजक दीपक सिंह राठौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने एपस्टीन फाइल में नाम आने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव में देश के नागरिकों और किसानों के हितों को दरकिनार कर अमेरिका के साथ समझौता किया है। गत दिनों युवा कांग्रेस ने एआई सबमिट के दौरान गांधीवादी तरीकों से शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया था। जो केंद्र की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सरकार द्वारा अमेरिका के साथ की गई ट्रैंड डील के विरोध में था। लेकिन दिल्ली पुलिस द्वारा केंद्र सरकार के दबाव में युवा कांग्रेस के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों को असंवैधानिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया।

यूथ कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर उक्त मामले में हस्तक्षेप कर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों की गिरफ्तारी को रद्द करने की मांग की। यूथ कांग्रेस प्रदेश संयोजक दीपक सिंह राठौड़ के अनुसार जल्द ही उनकी रिहाई नहीं की गई तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष नितिन वर्मा, यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव आशाराम गाडरी, एनएसयूआई के कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय राव, पूर्व छात्र संघ महासचिव प्रत्याशी इरफ़ान खान,पूर्व एन.एस. यू.आई जिला महासचिव यश प्रताप सिंह झाला, यूथ कांग्रेस जिला महासचिव कमलेश माली, यूथ कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष राम रतन गाडरी, एन.एस. यू.आई जिला उपाध्यक्ष अंकुश आदिवाल आदि उपस्थित रहे।

# ऐसे सक्रिय जनप्रतिनिधि को पुनः अवसर देने की मांग तेज, राज्यसभा में फिर भेजने की उठी आवाज

स्मार्ट हलचल | नई दिल्ली/ जयपुर



राज्यसभा सांसद नीरज डांगी द्वारा अपने कार्यकाल में राष्ट्रीय और राजस्थान से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने के बाद प्रदेशभर में उन्हें पुनः राज्यसभा भेजने की मांग तेज हो गई है। समर्थकों का कहना है कि उन्होंने सदन में आमजन की समस्याओं को मजबूती से रखा और सरकार का ध्यान जनहित की ओर आकर्षित किया।

डांगी द्वारा राज्यसभा में उठाए गए प्रमुख मुद्दे इस प्रकार हैं – विदेशी इंटरनेट कंपनियों पर कर नीति (गूगल टैक्स) में पारदर्शिता और भारतीय स्टार्टअप्स के हितों की सुरक्षा। बढ़ते हवाई किरायों पर नियंत्रण और मध्यम वर्ग को राहत। बैंक डिपॉजिट इंश्योरेंस सीमा 5 लाख से बढ़ाकर 25 लाख करने की मांग। रेलवे ट्रैक से छेड़छाड़ की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करना। राजस्थानी भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग। किसानों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी, फसल बीमा और उचित मुआवजा। बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण और आमजन को राहत। देसूरी नाल में सड़क सुरक्षा, चौड़ीकरण और वैकल्पिक मार्ग निर्माण की मांग। पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने और पत्रकारों को सामाजिक सुरक्षा देने की मांग। सिरोही-जालौर क्षेत्र में एम्स या सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की स्थापना की मांग। आबूरोड-सिरोही रेलवे सुविधाओं का विस्तार और ट्रेनों के ठहराव में वृद्धि। नर्मदा परियोजना विस्तार और पश्चिमी राजस्थान के पेयजल संकट का समाधान। अरावली क्षेत्र में अवैध खनन पर रोक और पर्यावरण संरक्षण। आदिवासी एवं जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क सुविधाओं का विस्तार। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर और लंबित भर्तियों में तेजी।

समर्थकों का कहना है कि नीरज डांगी ने सदन में दलित, आदिवासी, किसान, युवा और वंचित वर्ग की सशक्त आवाज बनकर कार्य किया है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, वे राजस्थान में दलित समाज के एक बड़े और प्रभावशाली चेहरे के रूप में स्थापित हुए हैं। ऐसे सक्रिय और मुखर जनप्रतिनिधि को पुनः अवसर देकर राज्यसभा में भेजा जाना चाहिए, ताकि प्रदेश और देश के हितों की आवाज पहले की तरह मजबूती से उठती रहे।

# केन्द्रीय मंत्री हरिदीपसिंह पुरी का पुतला जला कर किया विरोध प्रदर्शन

**चित्तौड़गढ़।** राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अल्का लांबा व प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह के आदेशानुसार महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव सफीना खान व महिला कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सना खान के नेतृत्व में शनिवार को एप्सटीन फाईल मे नाम आने पर बीजेपी कार्यालय ओछडी के सामने केन्द्रीय मंत्री हरिदीपसिंह पुरी का पुतला जला कर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महिला सेवादल जिलाध्यक्ष सना खान ने कहा कि किसी भी केन्द्रीय मंत्री का अन्तर्राष्टीय अपराधिक मामले की जांच मे नाम आना हमारे देश के लिये शर्मनाक बात है। इसमे जिन विदेशी लोगो का नाम आया है, वह भी इस्तीफे दे रहे है। अतः केन्द्रीय मंत्री हरदीपपुरी को भी इस्तीफा देना चाहिए। इस विरोध प्रदर्शन मे मधु गोस्वामी, शबनम बानो, रज्जु, दाखी गाड़ी लौहार, मांगी गाड़ी लोहार, काजल कुमावत, प्रेमलता, जाहेदा, शहनाज, मल्लिका सायरा, शमीम, सुनील आचार्य, कालु शर्मा, गुड्डू , शंकर, रमेश, ओबीसी कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष रतन गायरी के अलावा कई महिला कार्यकर्ता मौजूद थी।

# 'सत्य की जीत' के जयघोष से गूंजा देवनारायण धाम

स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** निलंबन आदेश रद्द होने के बाद शनिवार को एएसआई राजेश मीणा पहली बार आस्था के प्रमुख केंद्र श्री देवनारायण मंदिर पहुंचे, जहां उनका ऐतिहासिक स्वागत किया गया। मंदिर परिसर 'जय देवनारायण' और 'सत्य की जीत' के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं और समाजबंधुओं ने फूल-मालाओं से लादकर तथा साफा पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

मंदिर में भगवान देवनारायण की विशेष पूजा-अर्चना के बाद आयोजित वार्ता कार्यक्रम में राजेश मीणा भक्ति रस में डूबे नजर आए। भजन-कीर्तन के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ नृत्य कर माहौल को और जोशीला बना दिया। पूरे परिसर में उत्साह और आस्था का संगम दिखाई दिया।

सभा को संबोधित करते हुए राजेश मीणा ने दो टूक कहा, 'सत्य को कभी दबाया नहीं जा सकता। भगवान देवनारायण की कृपा और समाज के आशीर्वाद से ही मेरा निलंबन रद्द हुआ है। मैं समाज के इस विश्वास को जीवनभर निभाऊंगा।'

उन्होंने भावुक होते हुए यह भी कहा कि समाज के मान-सम्मान की रक्षा के लिए वे हर परिस्थिति में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे।

# फाग उत्सव में महिलाओं की सुरक्षा व जागरूकता का संदेश

**चित्तौड़गढ़।** महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस की कालिका पेट्रोलिंग यूनिट द्वारा चमत्कारी सांवरिया जी मंदिर सेंथी में आयोजित फाग उत्सव के दौरान विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को राजस्थान सरकार तथा राजस्थान पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित महिला सुरक्षा अभियानों, कानूनी अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस की कालिका पेट्रोलिंग यूनिट द्वारा शहर के चमत्कारी सांवरिया जी मंदिर सेंती में आयोजित फाग उत्सव के दौरान विशेष जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें पुलिस टीम ने महिलाओं को राजकोप ऐप की उपयोगिता बताते हुए मौके पर ही ऐप डाउनलोड करवाने में सहायता की, ताकि आपातकालीन स्थिति में त्वरित पुलिस सहायता प्राप्त की जा सके।

# सीए चिराग धर्मावत बने भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान, उदयपुर के अध्यक्ष, सीए अरुणा गेलड़ा बनीं सचिव

## वर्तमान में राजस्थान की तीसरी सबसे बड़ी शाखा है उदयपुर आईसीएआई शाखा

## सीए संस्थान के वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न

स्मार्ट हलचल | उदयपुर



भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान की उदयपुर शाखा के वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का निर्वाचन सेक्टर 14 स्थित आईसीएआई शाखा भवन में शनिवार को संपन्न हुआ। राजस्थान में जयपुर एवं जोधपुर के बाद उदयपुर शाखा प्रदेश की तीसरी सबसे बड़ी सीए शाखा है। नव निर्वाचित कार्यकारिणी में सीए चिराग धर्मावत अध्यक्ष, सीए सौरभ गोलछा उपाध्यक्ष, सीए अरुणा गेलड़ा सचिव, सीए कपिल कुमार जोशी कोषाध्यक्ष, सीए धर्मेन्द्र सिंह कोठारी सीकासा अध्यक्ष, सीए राहुल माहेश्वरी कार्यकारिणी सदस्य, सीए अंशुल कटेजा को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष सीए चिराग धर्मावत ने जानकारी देते हुए बताया कि उदयपुर शाखा में वर्तमान में 2200 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट सदस्य तथा 5000 से अधिक विद्यार्थी पंजीकृत हैं। उन्होंने वर्तमान वैश्विक एवं राष्ट्रीय वित्तीय परिदृश्य का उल्लेख करते हुए कहा कि तेजी से बदलते आर्थिक माहौल, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स, फिनटेक नवाचार, जीएसटी एवं प्रत्यक्ष कर सुधारों, स्टार्टअप एवं एमएसएमई क्षेत्र के विस्तार तथा ईएसजी रिपोर्टिंग की बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए वर्ष भर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

नई कार्यकारिणी द्वारा टेक्नोलॉजी आधारित प्रोफेशनल अपग्रेडेशन, अंतर्राष्ट्रीय लेखा मानकों (आईएफआरएस) पर प्रशिक्षण, स्टार्टअप एवं एमएसएमई हेतु प्रोफेशनल सपोर्ट, सस्टेनेबिलिटी रिपोर्टिंग जागरूकता, विद्यार्थियों के लिए मेंटरशिप एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम तथा बदलते कर एवं वित्तीय कानूनों पर शोध आधारित सेमिनार आयोजित करने की रूपरेखा तैयार की गई है। अध्यक्ष ने विश्वास व्यक्त किया कि टीमवर्क, पारदर्शिता एवं नवाचार के माध्यम से उदयपुर शाखा को देश की अग्रणी शाखाओं में शामिल करने के साथ-साथ सदस्यों एवं विद्यार्थियों को बदलते वित्तीय एवं आर्थिक परिवेश के अनुरूप सशक्त बनाया जाएगा।

# ज्ञानज्योति करेरा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विविध कार्यक्रम संपन्न

स्मार्ट हलचल



**निम्बाहेड़ा।** कनेरा तहसील के स्वामी विवेकानंद कॉलोनी में संचालित ज्ञानज्योति माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। विज्ञान प्रभारी मोहित मोची, रिंकू धाकड ने बताया कि प्रातः विद्यालय में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके पश्चात मॉडल व प्रोजेक्ट प्रतियोगिता प्रदर्शनी आयोजित हुई जिसमें ग्लोबल वार्मिंग, सौरमंडल, ज्वालामुखी, यातायात के साधन, सूर्य ग्रहण, चंद्र ग्रहण, शरीर के विभिन्न तंत्र, हृदय, पन बिजली, वाटर हार्वेस्टिंग, पवन चक्की, सोलर एनर्जी, जल शुद्धीकरण, जेसीबी, रोबोट, एनिमल सेल, वाटर साइकिल, पदार्थ की अवस्थाएं, ग्लोबल वार्मिंग,स्पेक्ट्रम, ह्यूमन ब्रेन, जल चक्र, सेव वाटर विषय आधारित प्रोजेक्ट व मॉडल बनाएं ।इसके पश्चात चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें इलेक्ट्रोस्कोप, प्रकाश संश्लेषण, पदार्थ की अवस्थाएं, विटामिन, वाटर साइकिल, आवर्त सारणी, वर्षा का महत्व, पुष्प संरचना, लाइट कंडक्टर, स्पेक्ट्रम, पाचन तंत्र, फूल, पत्तियां, मानव हृदय, पौधे के विभिन्न भाग, उत्सर्जन तंत्र, भूकंप, प्रकाश संश्लेषण, वृक्षारोपण, जल चक्र, रेनवाटर हार्वेस्टिंग, लाइफ साइकिल, पादप कोशिका, उत्सर्जन तंत्र संबंधी विषयों पर उत्कृष्ट चार्ट बनाएं ।मॉडल प्रतियोगिता में निर्णायक सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य जगदीश चंद्र बलाई, विज्ञान के वरिष्ठ व्याख्याता सुदेश यादव चार्ट प्रतियोगिता में निर्णायक आशिक, अंकित वैष्णव व तरुणा ने अपने निर्णय सुनाए। संस्था प्रधान रामप्रसाद धाकड़ ने सी वी रमन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए जीवन में सदैव नवाचार करते हुए सीखने और नव सृजन की प्रक्रिया को सदैव सुचारू रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पीईईओ एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कनेरा के प्रधानाचार्य मुकेश धाकड़, भाजपा मंडल अध्यक्ष जुगल किशोर धाकड़, मंडल कोषाध्यक्ष प्रहलाद ने मां सरस्वती को दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन कविता टेलर ने किया।

इस अवसर पर रत्नेश शर्मा, योगेंद्र धाकड़, कन्हैया लाल जोगणिया, देवाशीष पोखरा, भूपेंद्र शर्मा, आशिक, सुनीता भाभी, सुमन जैन, रिंकू धाकड, कल्पना सारस्वत, तृप्ति बैरागी, पूजा छिपा, अंजलि, तरुणा, कविता, कोमल टीना कंवर, आशा गुर्जर सहित भैया बहन उपस्थित थे।

# सूदखोरी से परेशान युवक ने की आत्महत्या: आरोपी बोला- 'तू मर जा, मैं पैसे भूल जाऊंगा', सुसाइड नोट में लगाए गंभीर आरोप


स्मार्ट हलचल | ब्यावर

ब्यावर में सूदखोरी से परेशान एक युवक ने गुरुवार को फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना देलवाड़ा रोड स्थित चिरमी होटल में हुई। पुलिस को सूचना मिली कि देलवाड़ा रोड स्थित चिरमी होटल में एक युवक फंदे पर लटका हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान ब्यावर निवासी महेंद्र सिंह शेखावत (43) पुत्र मंगेश सिंह शेखावत के रूप में हुई।



जानकारी के अनुसार, होटल मालिक प्रदीप जोधा और अन्य युवक हेमंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने होटल का शटर खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद हेमंत को पीछे के रास्ते से अंदर भेजा गया, जहां उसने महेंद्र सिंह को फंदे पर लटका हुआ पाया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की सहायता से युवक को फंदे से नीचे उतारा और तत्काल राजकीय अमृतकौर अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतक ने आत्महत्या से पहले एक पत्र लिखकर अपनी आपबीती पारिवारिक व्हाट्सएप ग्रुप में भेजी थी। इस पत्र में उसने सूदखोरों द्वारा 5 प्रतिशत मासिक ब्याज वसूलने से परेशान होने का जिक्र किया है।



शहर में सूदखोरों द्वारा ऊंची ब्याज दरों पर पैसा देकर लोगों को आर्थिक जाल में फंसाने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, जिसके चलते लोग ऐसे कदम उठाने को मजबूर हो रहे हैं।

सुसाइड नोट में महेंद्र सिंह ने फतेहगढ़ सल्ला निवासी मौ. इस्फाक खान पर गंभीर आरोप लगाते हुए लिखा कि भारी ब्याज और लगातार पैसे की मांग से वह मानसिक रूप से परेशान हो गया था। उसने यह भी उल्लेख किया कि संबंधित व्यक्ति द्वारा उससे चार चेक एवं स्टांप लिखवा लिए गए थे तथा लगातार दबाव बनाया जा रहा था।

पत्र में मृतक ने यह भी लिखा कि उसे कहा जाता था कि 'तू मर जा, मैं पैसे भूल जाऊंगा ', जिससे आहत होकर उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाने की बात कही। साथ ही उसने परिवार को भविष्य में परेशान नहीं करने की अपील भी की है।

### परिवार में छाया मातम

परिजनों के अनुसार महेंद्र सिंह सुबह घर से निकले थे। बाद में मोबाइल पर संदेश मिलने के बाद उनकी तलाश शुरू की गई। मृतक के बड़े भाई कैलाश सिंह ने बताया कि यदि वह अपनी परेशानी पहले बता देता तो परिवार मिलकर कोई समाधान निकाल सकता था। मृतक अपने पीछे पत्नी एवं दो छोटे बच्चों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गया है। घटना के बाद परिवार में गहरा शोक व्याप्त है।

पुलिस ने सुसाइड नोट को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि सभी तथ्यों की जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सायबर ठगी करने के आरोप में 8 जने गिरफ्तार

**कब्जे से 8 एण्ड्रोईड मोबाईल फोन व 9 फर्जी सिम कार्ड जब्त**

स्मार्ट हलचल

**जुरहरा, जिला डीग।** स्थानीय थाना पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए साइबर ठगी करने के आरोप में आठ आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से आठ एंड्राइड मोबाइल फोन व 9 फर्जी सिम कार्ड को जप्त किया गया है। जुरहरा थाना अधिकारी गिर्राज सिंह ने बताया कि शनिवार को थाना जुरहरा पुलिस द्वारा रात्रि के समय सायबर ठगी करते हुये आठ मुल्जिमान को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि चौमोरा पुलिया कस्बा जुरहरा से बमनवाडी की ओर जाने वाले रास्ते पर स्थित नई प्लॉटिंग में एक झोंपडी के पास बैठकर कुछ व्यक्ति सायबर ठगी कर रहे हैं। इस सूचना पर थाना जुरहरा पुलिस टीम मौके पर पहुंची जहां से अरवाज पुत्र असरू जाति मेव निवासी ग्राम चानियाखुर्द थाना जुरहरा, आदिल पुत्र सल्लू जाति मेव निवासी ग्राम ऊंचेडा थाना जुरहरा, खुर्शीद पुत्र अब्दुल रहीम जाति मेव निवासी ग्राम जुरहरी थाना जुरहरा, नफीस पुत्र नहजर जाति मेव निवासी गांव हाथीयां थाना बरसाना हाल निवासी ग्राम जुरहरी थाना जुरहरा, सोहिल पुत्र यूनुस जाति मेव निवासी ग्राम कंचननेर थाना जुरहरा, कय्यूम पुत्र कासम जाति मेव निवासी ग्राम सहसन थाना जुरहरा, सब्बीर पुत्र ईशाक जाति मेव निवासी दौसरस थाना गोवर्धन व मोहम्मद हफीज पुत्र असरू जाति मेव निवासी ग्राम नगला डूबोकर थाना जुरहरा को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 8 एण्ड्रोईड मोबाइल फोन व 9 फर्जी सिम कार्ड जब्त किए गए हैं। थाना अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# बुटाटीधाम मंदिर में आंवला एकादशी पर उमड़ा जनसैलाब



### लकवाग्रस्त मरीजों ने लगाई 'फेरी'

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** कुचेरा के निकट स्थित विश्व प्रसिद्ध बुटाटीधाम मंदिर में आंवला एकादशी के अवसर पर श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। अलसुबह से ही संत चतुरदास महाराज के दरबार में भक्तों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई, जो देर रात तक जारी रहीं।

### फेरी लगाने से रोग मुक्ति की आस्था

एकादशी का दिन यहां विशेष महत्व रखता है। मान्यता है कि इस दिन दर्शन और 'फेरी' लगाने से विशेष पुण्यफल प्राप्त होता है। यही कारण रहा कि नागौर जिले सहित देश के विभिन्न हिस्सों से लकवाग्रस्त मरीज और उनके परिजन बड़ी संख्या में पहुंचे। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि महाराज की परिक्रमा करने से असाध्य रोगों में भी राहत मिलती है।मंदिर परिसर से लेकर मुख्य मार्गों तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ नजर आई। पूरा क्षेत्र भक्ति और आस्था के माहौल में सराबोर रहा। प्रशासन और मंदिर समिति ने भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा और सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम किए थे।

### आरती में गूंजे जयकारे

शाम की आरती के दौरान आरती स्थल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। आरती शुरू होते ही 'संत चतुरदास महाराज की जय' के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा। दीपों की जगमगाहट और भक्ति रस से सराबोर वातावरण ने आयोजन को दिव्य स्वरूप प्रदान किया।

# नाबालिक बच्चियों का दोषी केबिनेट मंत्री हरदीप पूरी का पुतला फूंका

स्मार्ट हलचल




**ब्यावर।** जिला कांग्रेस कमेटी सेवादल के जिला अध्यक्ष एडवोकेट विक्रम सोनी एवं ब्यावर जिला महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष इशिका जैन के संयुक्त नेतृत्व में नाबालिक बच्चियों का दोषी भाजपा सरकार कैबिनेट मंत्री हरदीप पुरी का अस्पटीन फाइल में नाम आने पर चांग गेट स्थित कुमार आनंद सर्किल पर पुतला फूँका गया। साथ ही हरदीप पुरी मुर्दाबाद मुर्दाबाद के भाजपा सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाए गए । कांग्रेस पार्टी इस भ्रष्ट मंत्री का पुरजोर विरोधी करती है जिनका नाम अप्सटीन फाइल में नाबालिक बच्चियों के शोषण एवं अमानवीय कृत्य जैसे कार्यों में लिप्त होना पाया गया । हरदीप पुरी जैसे मंत्री को बर्खास्त एवं इस्तीफे की मांग करती है।

जानकारी देते हुए जिला प्रवक्ता ऋषि लाम्बा ने बताया कि इस कार्यक्रम में पूर्व सभापति मुकेश सोलंकी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सोहन मेवाड़ा, अशोक रांका, प्रदेश सेवादल नेत्री गंगा रावत, सुलक्षणा शर्मा, ममता जैन, पूर्व सेवादल जिला कांग्रेस बालू राम सेन, पूर्व पार्षद रामनिवास सेन, बाबूलाल पंवार, राजेश शर्मा, भुवनेश शर्मा, अजय स्वामी, जीवराज जवा, ओबीसी जिला अध्यक्ष कैलाश गहलोत, एसी विभाग जिला अध्यक्ष बिदीचंद खोरवाल, सेवादल विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट मगन सोलंकी, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद माथुर , यंग ब्रिगेड जिला अध्यक्ष लोकेश कुमार, महासचिव एडवोकेट विजय फुलवारी, मंडल अध्यक्ष राम यादव, हिमांशु शर्मा, देवकरण शर्मा, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष डॉ नरेंद्र काठात, शिक्षक प्रकोष्ठ महासचिव जगदीश राठौर, शैलेश शर्मा, अरविंद बट्टनगर, पवन तातेर, पन्नालाल सुनारीवाल, अशोक साहू, छगन लाल मेवाड़ा, राजेंद्र कुमावत, अशोक मूंदड़ा, शिव तुनगरिया, गोपाल सांखला, हनुमान चौधरी, हनुमान सांखला, रामस्वरूप डागर, कमलेश बोहरा, घनश्याम बरोलिया, भरत कुमार भाटी, सालम काठात, सोमदेव साहू, राजेश जादम, नवीन गर्ग, जितेंद्र सेन, ज्योति कंवर, आदि सैकड़ो महिला पुरुष कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 'आज पारिजात में फाग है सखियों' राधा-कृष्ण संग रंगों का उत्सव

**सखियों के संग फाग, राधा-कृष्ण भक्ति में रंगी पारिजात कॉलोनी**



स्मार्ट हलचल | कोटा

पारिजात में फाग है सखियों, फाग के बहाने मिलन है सखियों... '–इन सुरों की मधुर गूंज के साथ पारिजात कॉलोनी के रजत पार्क में फाग उत्सव उल्लास और आध्यात्मिक आभा के बीच मनाया गया। पिंक रंग की एकरूप साड़ियों में सजी कॉलोनी की महिलाओं ने ठाकुर जी के युगल स्वरूप की विधि-विधान से पूजा कर वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया।

प्रभा विजय ने बताया कि राधा-कृष्ण की मनोहारी झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कृष्ण के रूप में पूजा सोनी और राधा के रूप में नीलू शर्मा सुसज्जित होकर उपस्थित हुईं। सखियों ने राधा-कृष्ण स्वरूप में एक-दूसरे को गुलाल का टीका लगाकर प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया तथा फूलों की होली खेली। कीर्तन मंडल की मधुर प्रस्तुति ने पूरे रजत पार्क को मानो वृंदावन में परिवर्तित कर दिया– 'होलिया में उड़े रे गुलाल...' के साथ भक्ति और उत्साह चरम पर रहा।

कीर्तन मंडल की संयोजक राज मल्होत्रा और मंजू गुप्ता ने बताया कि प्रभा विजय एवं प्रवेश सोनी के संयुक्त प्रयासों से यह आयोजन प्रतिवर्ष धूमधाम से संपन्न होता है। अलका शारदा और रेखा गोयल ने झांकी को जीवंत रूप प्रदान किया। महाआरती की व्यवस्था आशा पंवार और सरोज शर्मा के जिम्मे रही, जबकि प्रसाद वितरण में शशि शर्मा और रेखा राठी ने सेवाएं दीं।

कार्यक्रम में कोटा नगर निगम की वार्ड 70 की पार्षद रीटा सलूजा की गरिमामयी उपस्थिति रही। रीटा सिंह, निशा गंभीर, नीना नारंग, मंगला मोदी, संगीता राठौड़, शकुन पुरुस्वानी, देविका खत्री, हेमा नंदवाना, अनीता चौहान, मंजू नंदवाना, रेखा अग्रवाल, परमजीत सरोया, मिसेज काले सहित लगभग 70 सखियों की ऊर्जामयी भागीदारी ने उत्सव को भव्यता प्रदान की।

**'विकसित भारत युवा संसद-2026'**

# लोकतांत्रिक मूल्यों पर युवाओं का प्रखर मंथन

स्मार्ट हलचल | कोटा




राष्ट्रीय सेवा योजना एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार जिला स्तरीय कार्यक्रम 'विकसित भारत युवा संसद-2026' का आयोजन ओम कोठारी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, अनंतपुरा, कोटा में 'माय भारत' के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को संपन्न हुआ।कार्यक्रम ने युवाओं में लोकतांत्रिक चेतना, संवैधानिक मूल्यों और राष्ट्रीय दायित्व के प्रति प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ करने का संदेश दिया।

इस वर्ष कार्यक्रम की थीम 'आपातकाल के 50 वर्ष–लोकतंत्र के लिए सबक' निर्धारित की गई थी। विषय की गंभीरता और समकालीन प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए 21 युवा प्रतिभागियों ने अपने सशक्त, तार्किक और ज्वलंत विचार प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने कहा कि आपातकाल के अनुभव से सीख लेते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। युवाओं ने इस बात पर बल दिया कि सक्रिय सहभागिता और जागरूकता से ही ऐसा वातावरण निर्मित किया जा सकता है, जिससे भविष्य में कभी भी लोकतांत्रिक अधिकारों पर आंच न आए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य संपर्क अधिकारी, शासन सचिवालय, जयपुर, राजस्थान सरकार के डॉ. नरेंद्र गुप्ता रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में कॉलेज शिक्षा परिषद, कोटा के सहायक निदेशक प्रो. विजय पंचोली उपस्थित रहे।

समारोह में संस्थान निदेशक डॉ. अमित सिंह राठौड़, 'माय भारत' कोटा के उपनिदेशक सचिन पाटोदिया, कोटा जिला एनएसएस समन्वयक रीना कुमारी, समाजसेवी यज्ञदत्त हाड़ा, प्राइवेट स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल जोशी, कोशिश फाउंडेशन के अध्यक्ष पंकज शर्मा, समाजसेवी शंकर आसकंदानी, प्राचार्या डॉ. स्नेहलता धर्मावत, मोहित पंत, महाविद्यालय एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, प्रतीक गुप्ता, आई-स्टार्ट कोटा के प्रतिनिधि, आयुष त्यागी, स्नैकअप स्टार्टअप के को-फाउंडर, अनुराग चौहान एवं कुलविंदर सिंह सहित विभिन्न महाविद्यालयों से पधारे प्रतिभागी, व्याख्याता एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

स्वागत उद्बोधन में डॉ. अमित सिंह राठौड़ ने कहा कि युवा देश का भविष्य ही नहीं, वर्तमान की शक्ति भी हैं। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इसकी सुदृढ़ता बनाए रखने का दायित्व युवाओं के कंधों पर है। उन्होंने युवाओं से जागरूक, उत्तरदायी और संवेदनशील नागरिक बनने का आह्वान किया।

# केजरीवाल सहित अन्य आप नेताओं की रिहाई पर मनाया जश्न

**चित्तौड़गढ़।** आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेता राष्ट्रीय संजोजक अरविन्द केजरीवाल, पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित 23 नेताओं को राऊज एवेन्यू विशेष सीबीआई कोर्ट के न्यायधीश द्वारा दोष मुक्त करने पर कार्यकर्ताओं द्वारा मिठाई बांट कर हर्ष व्यक्त किया गया। प्रदेश संयुक्त सचिव अनिल कुमार चंदेल ने बताया की आप के शीर्ष नेता राष्ट्रीय संजोजक अरविन्द केजरीवाल, पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित 23 नेताओं को राऊज एवेन्यू विशेष सीबीआई कोर्ट के न्यायधीश द्वारा दोष मुक्त कर सत्यमेव जयते का सन्देश पूरे देश को दिया। जिलाध्यक्ष बृजेश चौखड़ा ने बताया कि संगठन मजबूती के लिए राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल को जल्द से जल्द चित्तौड़गढ़ की वीर भूमि पर बुला कर सभी कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार किया जायेगा।

# श्रीअन्न-मिलेट क्रांति: पारंपरिक तृणधान्य से संपूर्ण स्वास्थ्य का संदेश



स्मार्ट हलचल | उदयपुर

ग्रीन पीपल सोसाइटी, उदयपुर एवं रोटरी क्लब उदय के संयुक्त तत्वावधान में टाउन प्लानर इंस्टीट्यूट सभागार में 'श्रीअन्न-मिलेट क्रांतिः उदयपुर' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को पारंपरिक स्थानीय देसी तृणधान्य (मिलेट्स) के स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम को मिलेट सिद्ध आचार्य अशोक शर्मा ने संबोधित करते हुए वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रही आहारजनित बीमारियों–जैसे मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग एवं कैंसर–के संदर्भ में मिलेट्स की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संतुलित एवं मिलेट आधारित भोजन से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा जीवनशैली से जुड़ी अनेक बीमारियों में उल्लेखनीय सुधार संभव है।

आचार्य शर्मा ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादित परंपरागत तृणधान्य–कंगनी, सामा, कोदो, ज्वार, बाजरा आदि–के औषधीय गुणों की जानकारी देते हुए कहा कि शोधों से यह स्पष्ट हुआ है कि पारंपरिक मोटा अनाज छोड़कर विदेशी खाद्य शैली अपनाने के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ बढ़ी हैं। उन्होंने जोर दिया कि यदि हम पुनः श्रीअन्न को अपने दैनिक आहार में शामिल करें तो बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा सकता है।

समग्रम संस्था के एन.सी. जैन ने आगामी मिलेट जागरूकता कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की, वहीं ग्रीन पीपल सोसाइटी के अध्यक्ष राहुल भटनागर ने संतुलित आहार और नियमित जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन सुहेल मजबूर ने किया।

इस अवसर पर ग्रीन पीपल सोसाइटी एवं रोटरी क्लब उदय के सदस्य सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और श्रीअन्न के महत्व पर उपयोगी जानकारी प्राप्त की।

# रामाखेड़ा में अतिक्रमियों को हाई कोर्ट का नोटिस जारी

**चित्तौड़गढ़।** निकटवर्ती तुम्बड़िया पंचायत समिति के रामाखेड़ा गांव में चारागाह भूमि पर अतिक्रमण को लेकर हाईकोर्ट द्वारा रिट याचिका पर कार्यवाही करते हुए अतिक्रमियों व प्रशासन को नोटिस जारी किया गया है।

जानकारी के अनुसार रामाखेड़ा में स्थित आराजी नं. 244/484, 351, 353, 362 की चारागाह भूमि पर भू माफियों द्वारा बाड़े व निर्माण कार्य कर लिये गये। ग्रामीणों द्वारा जिला कलक्टर सहित उच्चाधिकारियों को ज्ञापन देकर चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की गई, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। अतिक्रमियों द्वारा सिविल न्यायालय में स्थगन आदेश जारी करने की कार्यवाही की गई, जिस पर न्यायालय द्वारा अतिक्रमियों को कोई राहत नहीं दी गई। इस दौरान गांव के नारायणलाल अहीर, नाथुलाल अहीर व रतनलाल सुथार द्वारा जोधपुर उच्च न्यायालय में अधिवक्ता सूर्यप्रकाश शर्मा, जसवंत सिंह राठौड़, प्रेमसिंह पंवार के मार्फत रिट याचिका प्रस्तुत की गई।

# विज्ञान हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा : जसरोटिया

स्मार्ट हलचल



**चित्तौड़गढ़।** सैनिक स्कूल में शनिवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस स्कूल के प्राचार्य कर्नल अनिल देव सिंह जसरोटिया, उप प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल पारुल श्रीवास्तव एवं प्रशासनिक अधिकारी मेजर सी श्रीकुमार के निर्देशन में मनाया गया। स्कूल के इंडोर स्टेडियम में आयोजित हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल के प्राचार्य कर्नल अनिल देव सिंह जसरोटिया थे। स्कूल के कार्यवाहक सीनियर मास्टर डॉ. मंजीत सिंह एवं कार्यक्रम के प्रभारी टोनी अब्राहम ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

स्कूल के जनसम्पर्क अधिकारी बाबूलाल शिवरान ने बताया कि विज्ञान दिवस के इस उपलक्ष्य पर स्कूल के कैडेट्स ने रचनात्मक और नवाचारपूर्ण परियोजनाओं पर आधारित कई प्रकार के मॉडल बनाये, जिनकी प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि ने उद्घाटन किया। साइंटिफिक इनोवेशन के जरिए एक सस्टेनेबल भविष्य को बढ़ावा देना 'ग्रीन एनर्जी, उभरती हुई टेक्नोलॉजी, पानी का बचाव और मैनेजमेंट, रोबोटिक्स और ए आई' थीम पर आयोजित प्रदर्शनी का उद्देश्य कैडेट्स में साइंटिफिक सोच को बढ़ावा देना था। विद्यालय में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में विभिन्न हाउस एवं क्लबों के कैडेट्स ने नवाचार एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किए। पद्मिनी हाउस की कैडेट्स ने कार्बन शुद्धिकरण एवं बायोगैस प्लांट का मॉडल प्रदर्शित किया। अशोका द्वितीय हाउस के कैडेट्स ने चंद्रयान-3 का कार्यशील मॉडल तथा सौरमंडल का आकर्षक प्रस्तुतीकरण किया। अशोका प्रथम हाउस के कैडेट्स ने सब्जियों से विद्युत उत्पादन एवं अपशिष्ट ऊष्मा से विद्युत उत्पादन का मॉडल प्रस्तुत किया। सांगा हाउस के कैडेट्स ने एनर्जी स्मार्ट ग्रिड तथा अपशिष्ट जल शोधन संयंत्र का मॉडल प्रदर्शित किया। हमीर हाउस के कैडेट्स ने नवीकरणीय ऊर्जा तथा एयर प्यूरीफायर का मॉडल प्रस्तुत किया। एस्ट्रोनॉमी क्लब ने अंतरिक्ष स्टेशन का मॉडल प्रदर्शित किया। इलेक्ट्रॉनिक क्लब ने एसकेलेटर मॉडल तथा वॉटर डिस्पेंसर का प्रदर्शन किया। लव हाउस के कैडेट्स ने इन्वर्टर सर्किट एवं हाइड्रोलिक ब्रेक प्रणाली का मॉडल प्रस्तुत किया। कुश हाउस के कैडेट्स ने फोटो ब्रेक अलार्म, लुंबिनी गार्डन निकास द्वार का मॉडल प्रदर्शित किया। प्रताप हाउस के कैडेट्स ने नवीकरणीय ऊर्जा एवं अपशिष्ट जल शोधन का मॉडल प्रस्तुत किया।

जयमल हाउस के कैडेट्स ने एयर प्यूरीफायर एवं सनलाइट ट्रैकर का प्रदर्शन किया। बादल हाउस के कैडेट्स ने ग्रीन एनर्जी अलार्म एवं विद्युत टर्मिनल का मॉडल प्रस्तुत किया। कुम्भा हाउस के कैडेट्स ने जलविद्युत उत्पादन एवं स्वचालित बाइक ब्रेकिंग सिस्टम का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि कर्नल जसरोटिया ने अपने संबोधन में कहा विज्ञान हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है और इसका महत्व हमें समझना चाहिए। इस प्रकार के कार्यक्रमों से कैडेट्स में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ती है और वे इस विषय की तरफ आकर्षित होते हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान हमारे चारों तरफ मौजूद है। उन्होंने कैडेट्स से आह्वान किया कि डॉ.रमन के जीवन से प्रेरणा लेते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाएं तथा देश के विकास में योगदान दें।

# रेलवे अस्पताल में हाई रिस्क मरीज की नाक की गांठ का सफल ऑपरेशन, लगातार खून बहने से हो गई थी खून की कमी

## दो घंटे चली सर्जरी के बाद मरीज को राहत

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** उत्तर पश्चिम रेलवे के मंडल रेलवे अस्पताल में ईएनटी विभाग की टीम ने एक जटिल और हाई रिस्क सर्जरी सफलतापूर्वक कर 70 वर्षीय सेवानिवृत्त रेलकर्मी को राहत पहुंचाई है। अस्पताल अधीक्षक डॉ सीताराम बुनकर ने बताया कि अस्पताल के कान-नाक-गला विभाग के ऑपरेशन थिएटर में वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी (ईएनटी) डॉ गुलाब सिंह सारण ने मरीज की बाईं नाक में बनी रक्त



की गांठ का सफल ऑपरेशन किया। उन्होंने बताया कि मरीज पिछले तीन वर्षों से नाक बंद रहने और नाक से खून आने की समस्या से परेशान था। लगातार खून बहने के कारण शरीर में खून की कमी भी हो गई थी, जिसके लिए ऑपरेशन से पहले अलग से रक्त की व्यवस्था की गई। जांच में पता चला कि नाक में करीब चार वर्षों से रक्त की गांठ बनी हुई थी, जो पिछले कुछ दिनों से अधिक रक्तस्राव का कारण बन रही थी। रोगी ने निजी अस्पताल में भी इस हेतु संपर्क किया लेकिन अंततः रेलवे अस्पताल में ही उपचार करवाना उचित समझा।

मरीज को पिछले 10 वर्षों से मधुमेह और उच्च रक्तचाप की बीमारी है तथा दो वर्ष पहले हृदय में स्टेंट भी लगाया गया था। इन गंभीर बीमारियों के कारण मरीज को हाई रिस्क मानते हुए आवश्यक कंसेंट लेकर सर्जरी की गई। मंडल रेलवे चिकित्सालय के मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर में करीब दो घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद गांठ को सफलतापूर्वक निकाल दिया गया और मरीज को राहत मिली। वर्तमान में मरीज स्वस्थ है।डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि रेलवे अस्पताल में आधुनिक सुविधाओं और विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता के कारण कर्मचारियों, पेंशनभोगियों और उनके परिजनों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं मिल रही हैं। उन्होंने चिकित्सकों और पूरी टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की जटिल सर्जरी का सफलतापूर्वक होना अस्पताल की क्षमता और दक्षता को दर्शाता है। हाल ही में महानिदेशक रेलवे स्वास्थ्य सेवा डॉ जगदीश चंद्र और प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ कृष्ण कुमार ने भी रेलवे अस्पताल जोधपुर का दौरा कर मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर और सर्जिकल टीम के कार्य की सराहना की थी।

### इनका रहा सहयोग

ऑपरेशन के दौरान निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ प्रद्युम्न कुमार साहू के साथ नर्सिंग स्टाफ राजवंत कौर, ऋषि गहलोत तथा ड्रेसर सुरेंद्र और चंद्र प्रकाश ने सहयोग किया।

# नारायणपुर थानाधिकारी रोहिताश कुमार को उत्कृष्ट अनुसंधान प्रबंधन के लिए एसपी ने किया सम्मानित

## जिले के 17 थानों में सबसे कम रही पेंडेंसी

स्मार्ट हलचल



**नारायणपुर।** पुलिस थाना नारायणपुर के थानाधिकारी रोहिताश कुमार को उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली और बेहतर अनुसंधान प्रबंधन के लिए कोटपुतली-बहरोड़ पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया है। 13 सितम्बर 2025 को पदभार ग्रहण करने के बाद से ही थानाधिकारी रोहिताश कुमार ने लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण को प्राथमिकता देते हुए सख्त मॉनिटरिंग और प्रभावी कार्य विभाजन की रणनीति अपनाई, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। वर्ष 2025 के आंकड़ों के अनुसार नारायणपुर थाने में कुल 243 मुकदमे दर्ज हुए, जिनमें से 229 मुकदमों का सफलतापूर्वक निस्तारण कर दिया गया। इस प्रभावी कार्रवाई के चलते थाने में जैर अनुसंधान पेंडेंसी का स्तर मात्र 5.66 प्रतिशत रहा, जो कोटपुतली-बहरोड़ जिले के सभी 17 थानों में सबसे कम दर्ज किया गया है। पुलिस मुख्यालय जयपुर द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप पेंडेंसी को न्यूनतम स्तर पर बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने थानाधिकारी रोहिताश कुमार की सराहना करते हुए उन्हें 501 रुपये का नकद पुरस्कार और प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। थानाधिकारी रोहिताश कुमार द्वारा अनुसंधान कार्यों की नियमित समीक्षा, समयबद्ध कार्रवाई और टीम के साथ समन्वय स्थापित कर प्रकरणों के निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया गया। उनकी कार्यशैली से न केवल लंबित मामलों में कमी आई है, बल्कि पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली के प्रति आमजन में सकारात्मक संदेश भी गया है। इस उपलब्धि से क्षेत्र में पुलिस के प्रति जनता का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ है।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर तकनीकी व्याख्यान आयोजित



स्मार्ट हलचल| धौलपुर

राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय धौलपुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विभिन्न वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार एवं अनुसंधान के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.बी.एल. गुप्ता के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुई। उन्होंने अपने संबोधन में विज्ञान को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताते हुए विद्यार्थियों को नवाचार, अनुसंधान एवं तकनीकी विकास के क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अनीता त्यागी, डॉ. निमिषा जादौन तथा डॉ. निबेदिता नाहा वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ीं एवं विद्यार्थियों को तकनीकी व्याख्यान प्रदान किया। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. वाई.बी. पाराशर, प्राचार्य कमला महाविद्यालय तथा डॉ. धर्मेंद्र कुमार मीणा, राजकीय महाविद्यालय बाड़ी भी कार्यक्रम से जुड़े एवं विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। अपने व्याख्यान के दौरान डॉ. निमिषा जादौन ने भारतीय महिला वैज्ञानिकों की उपलब्धियों एवं विज्ञान के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों में विद्यार्थियों सौम्या सक्सेना एवं तनु बंसल द्वारा विज्ञान विषय पर आकर्षक पोस्टर प्रस्तुति दी गई।इस दौरान ब्रजेश कुमार त्यागी, शिवकांत शर्मा, मिलेश चौहान, विनय बघेला, निरंजन सिंह, मोहित श्रीवास्तव, सौरव शर्मा, विजय कुमार, विवेक चौहान एवं अतुल कुमारवंशिका यदुवंशी, मनीष कुमार, सृष्टि झा आदि मौजूद रहे।

# राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक्शन प्लान के तहत विधिक जागरूकता शिविर

**पीएम श्रीराजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कंवरियाट में विद्यार्थियों को दी गई कानूनी जानकारी**

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर द्वारा जारी एक्शन प्लान तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेड़ता के निर्देशन में पीएम श्रीराजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कंवरियाट में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके विधिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना रहा।

शिविर में अधिकार मित्र जुगल सिंह सोलंकी ने विद्यार्थियों को निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी देते हुए बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, महिलाएं, बालक-बालिकाएं, अनुसूचित जाति-जनजाति, वरिष्ठ नागरिक एवं अन्य पात्र व्यक्तियों को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क



सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कहा कि न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करना प्राधिकरण का मुख्य लक्ष्य है।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) एवं राज्य स्तर पर संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी कानूनी समस्या के समाधान हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क किया जा सकता है।

साइबर सुरक्षा विषय पर भी विशेष चर्चा की गई। विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा न करने, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा डिजिटल भुगतान के दौरान आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी देते हुए कानूनी सहायता के लिए इसका उपयोग करने का आह्वान किया गया।

बाल विवाह निषेध अधिनियम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है तथा इसकी सूचना तुरंत संबंधित प्रशासन या विधिक सेवा प्राधिकरण को देनी चाहिए।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य हरनारायण काला सहित विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों में विधिक जागरूकता का सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ।

# सीएचसी में होली मिलन समारोह का आयोजन



## चिकित्सकों ने दिया आपसी भाईचारे का संदेश

स्मार्ट हलचल

**नारायणपुर।** कस्बे के आदर्श सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा आपसी भाईचारे और सौहार्द के प्रतीक होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारियों और नर्सिंग स्टाफ ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं और उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया। समारोह को संबोधित करते हुए चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. पूरण मल जाट ने कहा कि होली का पर्व आपसी गिले-शिकवे भुलाकर प्रेम, एकता और भाईचारे के रंग में रंगने का पावन संदेश देता है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा सेवा एक जिम्मेदारीपूर्ण कार्य है और त्योहारों के दौरान भी अस्पताल का स्टाफ पूरी मुस्तैदी और समर्पण के साथ अपनी सेवाएं देता है, ताकि आमजन को किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी चिकित्सा कर्मियों के सेवा भाव, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की सराहना की। इस दौरान डॉ. दीपक शर्मा, डॉ. सुरेश मीणा, डॉ. निकिता गोयल, डॉ. विक्रम गुर्जर, डॉ. मनीष बामनिया और डॉ. विकास जांगिड सहित अस्पताल का समस्त नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहा। समारोह के अंत में सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्रवासियों के उत्तम स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना की।

# होली पर्व पर वाराणसी मंडल में भीड़ प्रबंधन को लेकर अधिकारियों संग रेलवे की बड़ी बैठक

स्मार्ट हलचल | यूपी

**वाराणसी।** आगामी होली पर्व पर संभावित यात्री भीड़ को देखते हुए भारतीय रेल के वाराणसी मंडल में तैयारियों की रफ्तार तेज हो गई है। प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक पी.सी. जायसवाल की अध्यक्षता में भारतेंदु सभा कक्ष में 28 फरवरी 2026 को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें होली के दौरान भीड़ प्रबंधन, यात्री सुविधा और वाणिज्यिक गतिविधियों को सुचारू बनाए रखने की ठोस रणनीति तय की गई। बैठक में मंडल वाणिज्य प्रबंधक रमेश पाण्डेय, सहायक वाणिज्य प्रबंधक पशुपतिनाथ मिश्रा, सहायक वाणिज्य प्रबंधक धनंजय कुमार सिंह समेत वाराणसी मंडल के सभी वाणिज्य अधीक्षक, लिपिक और टिकट जांच संवर्ग के कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में वाराणसी, बनारस, वाराणसी सिटी, छपरा, सिवान, बलिया, मऊ, देवरिया सदर और आजमगढ़ सहित प्रमुख स्टेशनों पर संभावित भीड़ को लेकर विशेष चर्चा की गई। जायसवाल ने स्पष्ट निर्देश दिया कि होली के दौरान



किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी निभाएं। उन्होंने अतिरिक्त बुकिंग काउंटर खोलने, एटीवीएम की संख्या बढ़ाने, छपरा-सिवान समेत अन्य स्टेशनों पर एमयूटीएस की व्यवस्था करने तथा यूटीएस की हर दो घंटे में समीक्षा करने का निर्देश दिया। अत्यधिक भीड़ की स्थिति में परिचालन विभाग से तत्काल विशेष ट्रेनों की मांग करने को कहा गया। जरूरत पड़ने पर स्टेशनों के बाहर होल्डिंग एरिया बनाने और नियंत्रित तरीके से यात्रियों को स्टेशन परिसर में प्रवेश देने की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए। फ्रंटलाइन कर्मचारियों को यात्रियों के साथ विनम्र व्यवहार और सही जानकारी उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। सहयोग केंद्र के कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण, ट्रेनों की सटीक उद्घोषणा, कोच गाइडेंस सिस्टम की सही फीडिंग और पब्लिक एड्रेस सिस्टम के बैकअप की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। स्टेशनों की साफ-सफाई, पेयजल की उपलब्धता, वाटर वेंडिंग मशीनों का संचालन, खानपान इकाइयों की निगरानी, वेटिंग रूम की समुचित मैनिंग और दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष सुविधाएं सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। अनारक्षित टिकट की सुलभता के लिए रेल वन ऐप, एटीवीएम और मोबाइल टिकटिंग मशीनों के अधिकतम उपयोग के निर्देश दिए गए। रेल मदद पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण और न्यूनतम आवश्यक यात्री सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। त्योहार के दौरान राजस्व वृद्धि के लिए बस रेड और ट्रेनों में सघन टिकट जांच अभियान चलाने का निर्देश भी जारी किया गया। संभावित भीड़ को देखते हुए विशेष होली स्पेशल ट्रेनों के संचालन की अधिसूचना जारी की जा चुकी है और उनकी उचित मैनिंग सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। बैठक में नॉन फेयर रेवेन्यू बढ़ाने, सेवा सुधार समिति के निरीक्षण, यात्री सुविधा प्लानिंग और ट्रेनों में अवांछित गतिविधियों पर निगरानी रखने जैसे मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। जायसवाल ने अधिकारियों से सीधे संवाद कर स्टेशनों की जमीनी समस्याओं का संज्ञान लिया और समाधान के व्यावहारिक सुझाव दिए। बैठक का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन रमेश पाण्डेय ने किया, जबकि जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने मीडिया को इसकी जानकारी दी। होली से पहले रेल प्रशासन की यह सक्रियता साफ संकेत दे रही है कि इस बार यात्रियों को भीड़ के बीच भी बेहतर, सुरक्षित और सुव्यवस्थित यात्रा अनुभव देने की पूरी तैयारी कर ली गई है।

# दम्पति के साथ मारपीट पर कार्यवाही की मांग, सौंपा ज्ञापन

**चित्तौड़गढ़।** सदर थाना क्षेत्र के धनेतकलां में एक दम्पति गांव के ही बाप-बेटे द्वारा हम सलाह होकर जानलेवा हमला करने से गंभीररुप से घायल हो गए, जिन्हे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

इस संबंध में समाजजनों द्वारा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की गई।ज्ञापन में बताया कि शनिवार 28 फरवरी को धनेतकलां निवासी संतोष देवी अपने पति कैलाशचन्द्र शर्मा के साथ सुबह 7 बजे खेत पर मवेशियों का दूध निकाल रहे थे, तभी गांव के नारायणलाल शर्मा पिता उदयलाल व उदयलाल शर्मा पिता उंकारलाल शर्मा हम सलाह होकर वहां पहुंचे तथा धारदार कुल्हाड़ी, लोहे के पाईप से उन पर जानलेवा हमला कर



दिया। हमले में संतोषदेवी का पांव कट गया और कैलाशचन्द्र के हाथ-पांव में फ्रेक्चर हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों को गंभीर अवस्था में गांधीनगर स्थित एमईएस हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया। ज्ञापन में इन लोगों पर पूर्व में भी तीन-चार बार जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की गई है।

# एमपी कॉलेज में इलेक्टोरल लिटरेसी फेस्टिवल का आयोजन

**चित्तौड़गढ़।** महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ईएलसी क्लब द्वारा इलेक्टोरल लिटरेसी फेस्टिवल का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. भारती मेहता ने बताया कि महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ईएलसी क्लब जिले के राजकीय महाविद्यालयों के ईएलसी क्लब में प्रथम स्थान पर रहा। कार्यक्रम में ईएलसी नोडल अधिकारी डॉ. बीएल कोली ने ईसीआई के विभिन्न एप्प्स के बारे में जानकारी प्रदान की और मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान निबंध, स्लोगन, निर्वाचन साक्षरता, पोस्टर व निर्वाचन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के विजेता और उपविजेताओ को प्रमाण-पत्र व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओ के निर्णायक समिति के सदस्य डॉ. अनीता,डॉ. राजेंद्र व डॉ. मिनाक्षी चौधरी रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र केवल ने मै भारत हूँ, गीत का गायन किया। कार्यक्रम का संचालन ईएलसी समिति सदस्य डॉ. मिनाक्षी चौधरी ने किया व ईएलसी नोडल अधिकारी डॉ. बीएल कोली ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान संकाय सदस्य डॉ. कंचन वर्मा, डॉ. महिपाल दान, डॉ. भारती भावनानी व डॉ. परविंदर उपस्थित रहे।

# पश्चिम मध्य रेल की पहली महिला महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय का गरिमामयी विदाई समारोह संपन्न

स्मार्ट हलचल | कोटा

पश्चिम मध्य रेल के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय का समापन हुआ। पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय अपनी अधिवार्षिता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गईं। मुख्यालय सभागार में आयोजित एक भव्य विदाई समारोह में उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

इस अवसर पर अपर महाप्रबन्धक श्री प्रमोद कुमार खत्री, प्रमुख वित्त सलाहकार सुश्री मनजीत कौर एवं प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री एस. डी. पाटीदार द्वारा उन्हें सेवानिवृत्ति संबंधी दस्तावेज एवं सम्मान पत्र प्रदान किए गए। रेल प्रशासन की ओर से उनके आगामी स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन के लिए मंगलकामनाएं प्रेषित की गईं।

### उपलब्धियों से भरा सफर

भारतीय रेलवे सिग्नल



इंजीनियरिंग सेवा के 1987 बैच की वरिष्ठ अधिकारी श्रीमती बंदोपाध्याय ने 1 नवंबर 2023 को पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण किया था। वह इस महत्वपूर्ण पद को सुशोभित करने वाली पहली महिला रेल अधिकारी रहीं। अपने 38 वर्षों के दीर्घ कार्यकाल में उन्होंने मध्य रेलवे, दक्षिण पूर्व रेलवे, उत्तर रेलवे, पश्चिम मध्य रेल और रेलवे बोर्ड में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दीं।

### पश्चिम मध्य रेल को मिलीं नई ऊंचाइयां

बंदोपाध्याय के कुशल नेतृत्व में पश्चिम मध्य रेल ने परिचालन, सुरक्षा और आधुनिकीकरण के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किएः तकनीकी नवाचारः आईटी, सिग्नल और टेलीकॉम संपत्तियों के आधुनिकीकरण में उनका विशेष योगदान रहा।

प्रतिष्ठित सम्मानः उनके कार्यकाल के दौरान पश्चिम मध्य रेलवे को महामहिम राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय रेलमंत्री द्वारा विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कारों से नवाजा गया। उत्कृष्ट नेतृत्वः नागपुर में मंडल रेल प्रबंधक (ष्ठ्रू) के रूप में उन्हें संपूर्ण भारतीय रेलवे में 'बेस्ट लीडरशिप एंड परफॉरमेंस एक्सीलेंस अवार्ड' से भी सम्मानित किया जा चुका है।

### प्रेरणादायी विदाई

समारोह में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों और विभागाध्यक्षों ने महाप्रबंधक जी के मार्गदर्शन और कार्यशैली की सराहना की। रेल प्रशासन ने उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण रेलवे परिवार के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी।

# आर टी ई प्रवेश को लेकर लामबंद हुए निजी विद्यालय, अभिभावक परेशान



**चित्तौड़गढ़।** सरकार द्वारा आरटीई के तहत निशुल्क प्रवेश को लेकर शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 26-27 को लेकर जारी गाइडलाइन में कई प्रकार की विसंगतियों को लेकर प्रदेश के समस्त निजी विद्यालयों, अभिभावक संगठन एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा प्रदर्शन कर शिक्षा मंत्री के नाम जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिया गया।

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन चित्तौड़गढ़ के अध्यक्ष कैलाश वैष्णव ने बताया की विभाग द्वारा गाइड लाइन तो जारी कर दी गयी, परन्तु प्रवेश को लेकर एवं उसके पुनर्भुगतान को लेकर बिलकुल भी स्थिति स्पष्ट नहीं की है। संस्था के सचिव सुमित माहेश्वरी ने बताया की हाई कोर्ट के निर्देशानुसार एन्ट्री क्लास में प्रवेश हेतु निर्देश एवं समस्त निशुल्क शिक्षा कर रहे विद्यार्थिओं का अनिवार्य पुनर्भुगतान के स्पष्ट निर्देश किये गए थे, परन्तु विभाग द्वारा स्पष्ट आदेश के पश्चात भी विभागीय गाइडलाइन में प्रत्येक विद्यालय के लिए एक साथ चार एन्ट्री क्लास रख दी गयी एवं पुनर्भुगतान के लिए भी कोई भी निर्देश नही दिए गए है ।

सीसा के जिलाध्यक्ष जयश भटनागर ने बताया की समस्त निजी विद्यालयों द्वारा आर टी ई के दिशा निर्देशों के तहत पूर्ण निष्ठा से विद्यार्थियों को नि शुल्क शिक्षा तो प्रदान की जा रही है, परन्तु विभाग द्वारा अपनी ही कथनी को पूरा नही किया जा रहा है, पिछ्ले 3 वर्षों से प्री प्राईमरी कक्षा में नि शुल्क अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों का पुनर्भुगतान नही किया गया एवं इस वर्ष भी हाई कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद भी पुनर्भुगतान की स्थिति स्पष्ट नही कर असमंजस की स्थिति में रखा गया है। सीसा के जिला सरंक्षक दिलीप पोखरना ने बताया कि विभाग द्वारा प्रति विद्यार्थी विद्यालय को दी जाने वाली पुनर्भरण राशि को लेकर भी अन्याय किया गया है, जहाँ हर विभाग एवं शिक्षा विभाग को लेकर भी हर वर्ष बजट को बढ़ाया जा रहा है।

# भिंडी की खेती कैसे करें

फसल की किस्म:






## खरपतवार नियंत्रण

## कीट नियंत्रण:

# मूंग की वैज्ञानिक तरीके से उन्नत खेती के बारे में





स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com